दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय...

पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

वर्ष : 12 | अंक : 167 | लखनऊ, 11 जून, गुरुवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

मोदी-नेहरू की तुलना उचित नहीं: शरद पवार

मुंबई। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के भाजपा मंत्री गिरीश महाजन की कड़ी आलोचना की है। महाजन ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी की थी। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना जवाहरलाल नेहरू से करने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि ऐसा करना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

एल्विश यादव ने बनाई खरगोश जनता पार्टी

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर हमेशा सक्रिय रहने वाले एल्विश यादव ने अपनी राजनीतिक पार्टी 'खरगोश जनता पार्टी' बना ली। उन्होंने इसे नारा भी दिया- तेज दिमाग, लंबे कान, सबका विकास गाजर के साथ। एल्विश ने पार्टी का ऑफिशियल पेज भी उन्होंने बना दिया है। उनके पेज पर 2 घंटे में ही 3,213 फॉलोअर्स भी हो गए

भारतराजा को सीएम विजय ने दी श्रद्धांजलि

चेन्नई। बुधवार सुबह तमिल सिनेमा के दिग्गज निर्देशक भारतीराजा का निधन हुआ। सीएम विजय ने निर्देशक भारतीराजा को श्रद्धांजलि दी, उनके अंतिम दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीराजा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी दुख जताया।

पीएम बाल पुरस्कार 2026 के लिए मांगे नामांकन

नई दिल्ली। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इस पुरस्कार के लिए आवेदन 1 अप्रैल 2026 से आरंभ हुए थे और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। सभी प्रविष्टियां पोर्टल पर जमा कराई जा सकती हैं।

सोनिया गांधी ने फोन करके ममता बेनर्जी को दिया बड़ा ऑफर

कांग्रेस में करें टीएमसी का विलय, देंगे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पद, ऋतब्रत बोले- ऐसा नहीं होने देंगे

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को खत्म करने की कगार पर पहुंचा दिया है। ममता बेनर्जी के 80 विधायकों में से 58 विधायकों ने अपना अलग गुट तैयार कर लिया और उसके बाद दिल्ली में भी करीब 20 सांसद टीएमसी से अलग हो गए। इस बीच कांग्रेस की सुप्रीम लीडर सोनिया गांधी ने टीएमसी अध्यक्ष ममता बेनर्जी को बड़ा ऑफर दिया है। सोनिया गांधी ने ममता बेनर्जी को टीएमसी के कांग्रेस में विलय का ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता से कहा है कि वो टीएमसी का विलय कर दें, इसके बदले में उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके अलावा उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बेनर्जी को भी पार्टी महासचिव का पद दिया जाएगा। हालांकि, दोनों पक्षों ने इस मुलाकात के एजेंडे या चर्चा के विषयों का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया है। वहीं, संभावित विलय को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने ऐसी किसी संभावना से इनकार किया है। उनका कहना है कि पार्टी के विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि कांग्रेस में जाने के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए विलय की अटकलों का कोई आधार नहीं है।

अभिषेक बेनर्जी को महासचिव बनाया जाएगा

बागी गुट बोला- कांग्रेस में जाने को तैयार नहीं

इंडिया ब्लॉक की बैठक में सोनिया गांधी और ममता बेनर्जी

ममता ने मांगा समय

सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता बेनर्जी को प्रस्ताव दिया है कि टीएमसी पर भाजपा के राजनीतिक हमलों को देखते हुए उन्हें अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए, वरना भाजपा उन्हें भी आम आदमी पार्टी की तरह परेशान करेगी। सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी ने खुद उन्हें फोन किया था। सूत्रों ने बताया कि ममता बेनर्जी ने इस पर फ़ैसला करने के लिए कुछ दिन

न तो सांसद जा रहे हैं और न ही विधायक

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता और तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने टीएमसी और

कांग्रेस के संभावित विलय की चर्चाओं को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि न तो टीएमसी की विधायक दल कांग्रेस में शामिल हो रही है और न ही पार्टी के सांसदों, नगर निकायों या पंचायतों के प्रतिनिधियों के बीच ऐसा कोई रुझान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विधायकों की संख्या 64 है और यह बढ़ने की उम्मीद है। ये लोग आएंगे और विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र सौंपेंगे। संसद में जो सांसद हैं, उनमें से दो-तिहाई से अधिक भी कांग्रेस में विलय नहीं हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कौन किसके साथ विलय कर रहा है?

राहुल-अभिषेक के बीच मुलाकात

इसी बीच बुधवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बेनर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। 10 जनपथ पर हुई ये मुलाकात करीब डेढ़ घंटे तक चली। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात फायदेमंद रही है। इसमें

आज कांग्रेस ने बुलाई बड़ी बैठक

सोनिया गांधी के ममता बेनर्जी को दिए गए ऑफर के बीच कांग्रेस ने बड़ी बैठक बुलाई है। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 11 जून को इंदिरा भवन में एआईसीसी महासचिव, प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की बैठक होगी। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे।

सीएम सुवेंदु ने किया विभागों का बंटवारा

दिलीप को ग्रामीण विकास, निशीथ को जलसंसाधन का जिम्मा

पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को मंत्रियों के विभागों का औपचारिक बंटवारा करते हुए नई अधिसूचना जारी की। निशीथ प्रामाणिक को उत्तर बंगाल विकास और जल संसाधन जांच एवं विकास विभाग, अशोक किरतानिया को खाद्य एवं आपूर्ति तथा सहकारिता विभाग, दिलीप घोष को पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विपणन विभाग दिया गया है। वहीं खुदीराम टुडू को आदिवासी विकास, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

सीएम के पास रहेगा गृह

सीएम अधिकारी को गृह एवं पर्वतीय मामले, भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास, बिजली, सूचना एवं संस्कृति तथा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिन विभागों का आवंटन अन्य मंत्रियों को नहीं किया गया है, वे भी सीएम के पास रहेंगे। 1 जून को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कुल 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी।

58 विधायक, 2 राज्यसभा सांसद हुए अलग

टीएमसी के 19 बागी लोकसभा सांसदों में शत्रुघ्न और यूसुफ भी

यूसुफ, सायानी घोष, शत्रुघ्न सिन्हा

ममता बेनर्जी की टीएमसी में लगातार टूट जारी है। काकोली घोष के नेतृत्व वाले टीएमसी बागी गुट ने 19 लोकसभा सांसदों के नाम की सूची जारी कर दी। इसमें ममता की करीबी मानी जाने वाली जादवपुर से सांसद सायोनी घोष, यूसुफ पठान और शत्रुघ्न सिन्हा का भी नाम शामिल है। वहीं बुधवार को राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने भी पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले 3 दिनों में टीएमसी के दो राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ चुके हैं। इसके बाद टीएमसी के लोकसभा में 28 में से 20 सांसद और राज्यसभा में 13 में से 2 सांसद यानी कुल 22 सांसद टूट चुके हैं। 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं।

सुष्मिता देव ने भी दिया इस्तीफा, सीएम हिमंत से मिलीं

सुष्मिता देव ने टीएमसी और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस बड़े फैसले के बाद उन्होंने बुधवार

को दिल्ली में असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात को सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट बताया। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल राजनीति से छोटा सा ब्रेक ले रही हैं। इसके बाद ही वह अपने भविष्य के बारे में कोई फैसला लेंगी। उन्होंने त्यागपत्र का कारण निजी बताया है। उन्होंने कहा कि वह असम की रहने वाली हैं और अब पूरी तरह स्वतंत्र हैं।

सयानी घोष और माला राय भी हुईं बागी

टीएमसी की सबसे मुखर और तेज-तर्रार सांसदों में से एक सयानी घोष ने अब बगावती सुर अपना लिए हैं। अपनी पार्टी प्रमुख ममता बेनर्जी की तारीफों के पुल बांधने वाली और विरोधियों पर तीखे तीर चलाने वाली सयानी घोष अब बागी खेमे में शामिल हो चुकी हैं। जादवपुर से सांसद सयानी घोष अब उन 20 सांसदों के गुट में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में टीएमसी की करारी हार के ठीक एक महीने बाद संसद में एक अलग गुट बनाने की मांग की है। लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में इन 20 सांसदों ने सोमवार को लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर एनडीए को समर्थन देने की पेशकश की है। ममता बेनर्जी की बेहद करीबी मानी जाने वाली एक और सांसद माला रॉय भी दिल्ली पहुंचकर इस बागी खेमे में शामिल हो गई हैं।

जज के परिवार पर हमले का मामला

शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी- कोई भी जज फैसला नहीं सुना पाएगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने जजों और उनके परिवारों को मिल रही धमकियों और उन पर हो रहे हमलों पर चिंता जाहिर की है। यह चिंता खासकर बॉम्बे हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस जीएस पटेल और उनके परिवार को मिल रही धमकियों की खबरों के बाद जताई गई है। जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने कहा कि ऐसी घटनाएं न्याय व्यवस्था पर चोट करती हैं और जजों को निडर होकर अपने कर्तव्यों का पालन करने से

रोक सकती हैं। बेंच ने कहा कि अगर जजों को अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए इस तरह डराया-धमकाया जाता है, तो न्याय व्यवस्था पर इसके गंभीर परिणाम होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि बॉम्बे हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज को तरह-तरह की धमकियां मिल रही हैं।

आशुतोष महाराज आरोपों से पलटे

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर दबाव में फर्जी एफआईआर की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दो बटुकों से यौन शोषण का केस दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज अपने आरोपों से पीछे हट गए हैं। उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो जारी कर कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने दबाव बनाकर उनसे अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें गुमराह कर इस मामले में शामिल किया गया। साजिश में कुछ

आशुतोष महाराज अविमुक्तेश्वरानंद

अधिकारी भी शामिल थे। उनके पास इससे जुड़े सबूत और वॉट्सएप चैट मौजूद हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेंगे और बताएंगे कि उन्हें इस विवाद में क्यों और कैसे शामिल किया गया। उन्होंने रामचंद्र दास पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे कुकर्मी कहा।

नीट प्रबंधन पर संसदीय समिति ने की बैठक

एनटीए डीजी, उच्च शिक्षा सचिव और एनएमसी अधिकारियों से मांगा जवाब

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नीट परीक्षा के संचालन और उससे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संसद की निगरानी लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें नीट परीक्षाओं के संचालन पर चर्चा की गई। समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ सांसद राम गोपाल यादव ने की। बैठक का विषय 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम, 2019 के तहत नीट परीक्षाओं का संचालन' था। यह चर्चा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन नियामक संस्थाओं की संरचना, जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली की समीक्षा के तहत की गई।

अधिकारियों ने दिया प्रजेंटेशन

रामगोपाल यादव

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी, एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह तथा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति के समक्ष अपना पक्ष रखा। समिति ने नीट परीक्षा के संचालन, परीक्षा प्रबंधन और नियामक संस्थाओं की कार्यप्रणाली से जुड़े पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की।

गड़बड़ियां रोकने पर की चर्चा

समिति ने नीट परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही गड़बड़ियों व पेपर लीक के मुद्दों को रोकने के उपायों पर जानकारी ली नीट परीक्षा को फुलप्रूफ बनाने को लेकर पूर्व में दी गई समितियों के सुझावों को भी परखा।

विकसित भारत के लिए समावेश मानव विकास की रहेगी थीम

पीएम आज करेंगे नीति आयोग की 11वीं बैठक की अध्यक्षता

रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता पर होगी गहन चर्चा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास थीम पर होगी। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम, केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल और प्रशासक, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर केंद्रीय मंत्री, साथ ही नीति आयोग के उपाध्यक्ष शामिल होंगे।

स्वास्थ्य और पोषण पर भी देंगे ध्यान

बैठक में नौकरियों, कौशल और विकास के नतीजों पर खास ध्यान दिया जाएगा। उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्किलिंग की कोशिशों को मजबूत करने और पूरे देश में टिकाऊ रोजगार के मौके पैदा करने के उपायों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। साथ ही बुनियादी मानव पूंजी और भविष्य के लिए जरूरी कौशल। उत्पादक रोजगार और उद्यमिता। स्वास्थ्य और पोषण। सभी के लिए समानता और सम्मान पर भी चर्चा होगी।

राज्य की योजनाओं पर भी होगा जोर

इस चर्चा में राज्य-स्तर की विकास योजनाओं को समावेशी मानव विकास के व्यापक राष्ट्रीय विजन के साथ जोड़ने पर भी ध्यान दिया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल से यह भी उम्मीद है कि वह 26 से 28 दिसंबर, 2025 तक आयोजित मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन से निकली सिफारिशों की समीक्षा करेगी।

एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर कसा तंज

देश को लाचारगी, बेचारगी और हीन भावना के गर्त में गिराया था

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

एनडीए नेताओं की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए के 12 वर्षों की एक बड़ी सफलता ये भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने देश को लाचारगी, बेचारगी और हीन भावना के गर्त में गिरा दिया था। देश को यही एहसास कराया जाता था कि भारत में विकास धीरे-धीरे ही होता है, भारत में तेज विकास संभव ही नहीं है और बड़ी ही चतुराई से धीमी विकास को एक नाम दिया था, 'हिंदू ग्रोथ रेट' यानी कार्यशैली कांग्रेस की, दायित्व कांग्रेस का, विफलता कांग्रेस की लेकिन कलंक देश की बड़ी हिंदू आबादी के नाम लगाया गया जबकि असल में इस कुसंस्कृति का नाम होना चाहिए था कांग्रेस ग्रोथ रेट।

आज के भारत के संकल्प और लक्ष्य बड़े

पीएम ने कहा कि कल के विकसित भारत की गारंटी है, आज का आकांक्षी भारत। आकांक्षी भारत के गर्भ में विकसित भारत पल रहा है। आज के भारत की आकांक्षाएं बड़ी हैं, सपने बड़े हैं इसलिए उसके संकल्प और लक्ष्य भी बड़े हैं।

12 वर्षों में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ

आकांक्षी भारत के गर्भ में विकसित भारत पल रहा

एनडीए के सम्मेलन में सहयोगी दलों का अभिवादन करते पीएम मोदी

भारत की विकास दर 7.8%

पीएम ने कहा कि आज दुनिया के बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था संघर्ष कर रही है तब भी 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की ग्रोथ रेट हासिल की है और पिछला क्वाटर तो, जो 31 मार्च को खत्म हुआ है, उसमें भी भारत की ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रही है। हम आज दुनिया की तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन चुके हैं।'

लोगों ने अपना भरोसा हमें सौंपा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि साल 2014 में जब एनडीए की जीत हुई थी तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवी में एक नई आशा का उदय हुआ है। इस आशा का, इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का बहुत बड़ा दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपने भरोसा हमें सौंपा था। मुझे आज संतोष है, गर्व है कि एनडीए परिवार के तौर पर हमने देश के विश्वास को हमेशा और मजबूत किया है।

संक्षेप

शहीद पथ पर तेज रफ्तार सफारी हादसे का शिकार, डिवाइडर तोड़ 25 मीटर तक घिसटी कार

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। शहीद पथ पर मंगलवार को तेज रफ्तार सफारी कार भीषण हादसे का शिकार हो गई। वृंदावन योजना के पास अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर से टकराने के बाद लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 25 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में हिंदुस्तान पेट्रोलियम (ऌढउछ) के एक अधिकारी समेत तीन लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वढ 32 अए 6497 नंबर की सफारी तेज गति से शहीद पथ की ओर जा रही थी। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डिवाइडर की लोहे की रेलिंग उखड़कर कार के शीशे को तोड़ते हुए अंदर तक घुस गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची। वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकालकर मेदांता अस्पताल भेजा गया। घायलों की पहचान चालक अमित कुमार वर्मा (36), हिंदुस्तान पेट्रोलियम के ऑडिट अफसर आशीष कुमार और पीयूष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तीनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हादसे के चलते शहीद पथ पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक व्यवस्था संभाली और क्षतिग्रस्त वाहन को हटाने की कार्रवाई शुरू कराई। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार हादसे की वजह मानी जा रही है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार का पैर कट कर हुआ अलग दंपति और बच्चा घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह ट्रक की ठोकर से बाइक सवार दंपति और उनका बच्चा घायल होने के साथ बाइक चालक का दाहिना पैर कट कर अलग हो गया। इस मामले में बिजनौर के नटकुर गांव में रहने वाली महिला माया देवी ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। माया देवी के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे वह अपने पति राजेंद्र कुमार और बच्चे के साथ बाइक से परवर पूरब स्थित अपने मामा के घर भंडारे में शामिल होने जा रही थीं। तभी अनूप खेड़ा स्थित किसान पथ पुल के नीचे पहुंचते ही सामने से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे आयशर ट्रक (यूपी-53 जीटी-3642) ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका दाहिना पैर कटकर अलग हो गया। वहीं माया देवी और उनका बच्चा भी चोटिल हो गए। आनन फानन तीनों घायलों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर-2 पीजीआई में भर्ती कराया गया, जहां घायल पति का इलाज चल रहा है। वहीं पीड़िता की तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत - केशव प्रसाद मौर्य

मोदी जी के नेतृत्व में भारत बना वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित राष्ट्र

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः11 जून 2026। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भारत के यशस्वी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आज 75 वर्ष की आयु में भी 50 वर्ष के व्यक्ति से अधिक ऊर्जा, फुर्ती और कार्यक्षमता के साथ राष्ट्रसेवा में निरंतर जुटे हुए हैं। भारतीय सनातन परंपरा में 75 वर्ष की आयु को ह्यहीरक जयंतीह्न का अत्यंत शुभ एवं सम्मानजनक पड़ाव माना जाता है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर उनका राष्ट्र निर्माण के प्रति अटूट समर्पण और सक्रिय नेतृत्व पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संपूर्ण जीवन संघर्ष, परिश्रम, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। संघर्ष की आग में तपकर कुंदन बने प्रधानमंत्री जी ने अपने कुशल नेतृत्व से भारत को वैश्विक मंच पर नई प्रतिष्ठा एवं पहचान दिलाई है। आज भारत विश्व समुदाय में आत्मविश्वास, सामर्थ्य और नेतृत्व क्षमता के साथ अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है तथा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। श्री मौर्य ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान, रक्षा अनुसंधान, तकनीकी नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत आज एक ऐसी उभरती हुई महाशक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है, जो विश्व शांति, सहयोग और मानव कल्याण की पक्षधर है। प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रतिपादित ह्ययुद्ध नहीं, बुद्धह्न का संदेश भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों का परिचायक है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की निरंतर सेवा करते हुए सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री पद पर रहने का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। उनका प्रभावशाली नेतृत्व आज देश की प्रगति, सुशासन, आत्मविश्वास और वैश्विक सम्मान का पर्याय बन चुका है। विश्व के अनेक देशों द्वारा उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से अलंकृत किया जाना भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। श्री मौर्य ने कहा कि 'तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें' की भावना को आत्मसात कर प्रधानमंत्री निरंतर राष्ट्रसेवा में समर्पित हैं। 'विकसित भारत-2047' का उनका संकल्प निश्चित रूप से साकार होगा और भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध, शक्तिशाली तथा विश्वगुरु बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

घर में घुसकर किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम पड़ोस में रहने वाले किशोर ने एक किशोरी के घर में घुसकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। जानकारी होने के बाद पीड़िता की मां ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित किशोरी को मेडिकल परीक्षा के लिए भेज दिया और आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 11 वर्षीया बच्ची कक्षा 6 की छात्रा है। मंगलवार को उसके मां-बाप मजदूरी करने गए थे। जबकि घर पर वह और उसका छोटा भाई मौजूद थे। तभी शाम करीब 5 बजे पड़ोस में रहने वाला करीब 15 वर्षीय लड़का उसके घर पहुंचा और किशोरी के छोटे भाई को कुछ रुपए देकर दुकान पर सामान लेने भेज दिया। इसके बाद उसने किशोरी को घर में अकेला पाकर उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला और वहां से चला गया। बाद में जब पीड़ित किशोरी का छोटा भाई घर पहुंचा। तब उसने अपने भाई को पूरी आपबीती बताई। वहीं शाम को जब किशोरी की मां मजदूरी कर वापस घर पहुंची, तब किशोरी और उसके भाई ने अपनी मां को पूरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद किशोरी की मां ने आरोपी के परिजनों से शिकायत करने के साथ घटना की सूचना बंथरा पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस ने पीड़ित किशोरी की मां की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। जबकि आरोपी किशोर को उसके घर के पास से हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद कार्रवाई करते हुए बुधवार को उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है।

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकताओं व पदाधिकारियो ने समस्याओं पर की चर्चा

अमन लेखनी समाचार

नगराम। थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदोइया बाजार में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला प्रमुख महासचिव हरीशचंद्र वर्मा ने की, जबकि संचालन संरक्षक रज्जन लाल वर्मा ने किया। इस बैठक में कई किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। लखमनपुर निवासी सियाराम ने बताया कि उन्हें अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। हरदोइया की प्रेमा ने सत्यदेव के घर से गांव के बाहर तक नाली की सफाई न होने की शिकायत की। इसी तरह, सिरावना के कई किसानों ने भी नाली सफाई न कराए जाने को लेकर अपनी बात रखी। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार भी किया गया। देशराज पाल को खेरवा गांव का ग्राम सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरीशचंद्र (जिला सचिव), तहसील उपाध्यक्ष राजदेव, बचन खेड़ा ब्लॉक उपाध्यक्ष जगदेव सहित कई ग्राम अध्यक्ष और सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

पीजीआई से युवती लापता, धर्मांतरण की आशंका पर हंगामा प्रदर्शन से पहले शिशिर चतुर्वेदी हाउस अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई क्षेत्र से 21 मई से लापता 21 वर्षीय युवती का 20 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। मामले को लेकर परिजनों ने युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। परिवार ने धर्मांतरण कर विदेश भेजने की आशंका जताई है। वहीं, सोशल मीडिया पर युवती को सीरिया भेजे जाने संबंधी चचाएं भी तेज हैं। हालांकि पुलिस ने ऐसे किसी दावे की पुष्टि नहीं की है। मंगलवार को मामले को लेकर सियासी और सामाजिक संगठनों की सक्रियता बढ़ गई। राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपु ने समर्थकों के साथ पीजीआई अस्पताल पहुंचकर निदेशक को ज्ञापन सौंपा। दूसरी ओर अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी पुलिस कमिश्नर कार्यालय के घेराव की तैयारी में थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें घर पर ही नजरबंद कर दिया। इधर, युवती के समर्थन में नर्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी भी पीजीआई थाने पहुंचे। एसोसिएशन की अध्यक्ष लता सचान, संयुक्त सचिव मनोज वर्मा, महामंत्री विवेक और मंजूलता सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर युवती की जल्द बरामदगी की मांग की। युवती के पिता ने इरशाद अली नाम के युवक पर बेटी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपी पिछले करीब एक वर्ष से युवती का पीछा कर रहा था और लगातार दबाव बना रहा था। परिवार का आरोप है कि पहले भी शिकायतें दी गई थीं, लेकिन समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। पिता ने यह भी कहा कि पूर्व में हुई मारपीट की घटना में उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। सोशल मीडिया पर चल रही धर्मांतरण और सीरिया भेजने की चचाओं पर पुलिस ने कहा कि 22 मई को दर्ज मुकदमे में ऐसा कोई आरोप शामिल नहीं है। जांच के दौरान भी अब तक इस तरह के कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं। पीजीआई पुलिस के मुताबिक युवती की तलाश और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। दक्षिणी जोन की सर्विलांस टीम भी जांच में जुटी है और कई संभावित स्थानों पर दबिश दी जा चुकी है। हाउस अरेस्ट किए गए शिशिर चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि पुलिस संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई करने से बच रही है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल युवती की बरामदगी को लेकर पुलिस अधिकारियों से वार्ता करना था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर हुई पूजा अर्चना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर डिफेंस कॉलोनी मंदिर तेलीबाग में श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की। इस पावन अवसर पर कार्यकताओं के साथ भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गयी, जिसमें सभी ने राष्ट्र कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस कार्यक्रम में सरोजनी नगर दक्षिण मंडल 3 के उपाध्यक्ष राजू बाजपेई, मोहन भटट, अपर्णा भारती, मंडल महामंत्री विनय सुदन, मंडल मंत्री संगीता देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधवी देवी, विधायक प्रतिनिधि रामाशंकर त्रिपाठी, खरीका प्रथम पार्षद के एन सिंह, मंडल कार्य समिति सदस्य अर्चना बोहरा जी सेक्टर संयोजक राजेश चावला, हरि जैन, जय श्री शर्मा, बूथ अध्यक्ष अंजू पांडे, सुमन लता, रेखा शर्मा जी, आरती भास्कर, सुनीता दत्त, विश्वजीत, वीरेंद्र ठाकुर, हरिराम गुप्ता, राकेश साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बबीता सिंह, संतोष कुमार तिवारी, संग्राम सिंह, भावॉन सिंह नगरकोटी, जगत सिंह सामंत, चंदन सिंह, नीलकंठ मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विकास कार्यों की गुणवत्ता पर नगर आयुक्त सख्त

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बुधवार को कुकरैल नदी, मनोरथ गोशाला, नालों, सीवर व्यवस्था और अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी जांच कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कुकरैल नदी के समता मूलक चौराहे से खुर्रम नगर चौराहे तक दोनों किनारों का जायजा लिया। नदी में जमा कचरे और फ्लोटिंग मटेरियल को तत्काल हटाने के निर्देश देते हुए उन्होंने जोन-3, जोन- 4 और जोन-7 की टीमों को विशेष सफाई एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाने को कहा। मनोरथ गोशाला में निमाणार्धीन सड़क, शेड और बाउंड्री वॉल के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी कार्य 20 दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सपा नेताओं ने पुलिस अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव के साथ कथित पुलिस उत्पीड़न के मामले को लेकर समाजवादी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं मोहनलालगंज सांसद आर.के. चौधरी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने पुलिस आयुक्त लखनऊ को ज्ञापन सौंपकर मोहनलालगंज कोतवाल बृजेश त्रिपाठी एवं कनकहा चौकी प्रभारी निमेश दुबे के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की।

बिना नोटिस हिरासत में लेने का आरोप

सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव को एक जून 2026 को बिना किसी नोटिस सम्मन अथवा वारंट के उनके आवास से हिरासत में लिया गया। आरोप है कि इस दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया तथा बाद में उन्हें लॉकअप में बंद कर जेल भेज दिया गया सपा नेताओं का कहना है कि यह कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों के विरुद्ध।

कोतवाल और चौकी प्रभारी पर बदसलूकी के आरोप

ज्ञापन में मोहनलालगंज कोतवाल बृजेश त्रिपाठी एवं कनकहा चौकी प्रभारी निमेश दुबे पर सत्ता के दुरुपयोग गाली-गलौज और जनप्रतिनिधियों के प्रति असम्मानजनक व्यवहार के आरोप लगाए गए पार्टी नेताओं का कहना कि पुलिस अधिकारियों का आचरण मर्यादित और जनहितकारी होना चाहिए लेकिन क्षेत्र में उनकी कार्यशैली को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही।

मामले की जानकारी लेने पहुंचे नेताओं से भी अभद्रता

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि जब पूर्व विधायक एवं अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव श्रवण यादव तथा मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव मामले की जानकारी लेने और वार्ता करने थाने पहुंचे तब उनके साथ भी कथित रूप से असंसदीय भाषा का प्रयोग किया गया पार्टी ने इसे बेहद गंभीर मामला बताते हुए कहा कि इस प्रकार का व्यवहार पुलिस और जनता के बीच विश्वास को कमजोर करता।

लोकतंत्र में सम्मान सर्वोपरि : जयसिंह 'जयन्त'

सपा जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के सम्मान की रक्षा करना प्रशासन की जिम्मेदारी यदि किसी अधिकारी द्वारा अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया गया तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ हमेशा संघर्ष करती रही और आगे भी करती रहेगी।

उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग

पुलिस आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच करने तथा आरोपित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

बड़ी संख्या में मौजूद रहे सपा पदाधिकारी

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता सभा श्रवण यादव अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष एवं लखनऊ बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अंजनी प्रकाश यादव, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, प्रदेश सचिव अशोक यादव, बार एसोसिएशन मोहनलालगंज के महामंत्री रामलखन यादव, रामसमुझ रावत, संजय यादव गुड्डू यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर मन्दिरों में हुई पूजा-अर्चना

पंकज चौधरी ने हनुमान सेतु व धर्मपाल सिंह ने बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में किया पूजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा उत्तर प्रदेश द्वारा पूरे प्रदेश में आस्था, राष्ट्रकल्याण एवं विकसित भारत के संकल्प को समर्पित विशेष पूजन-अर्चन कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने राजधानी लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने राजधानी लखनऊ के बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में पूजन किया जबकि पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र की निरंतर प्रगति की कामना के साथ प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राजधानी लखनऊ स्थित हनुमान सेतु मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं शिवार्चन कर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लोककल्याण एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर उन्होंने विकसित भारत के संकल्प की सफलता, देश की निरंतर उन्नति तथा प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, युवा भाजपा नेता नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित कई अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अंत्योदय के मंत्र को व्यवहार में उतारते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का नेतृत्व सेवा, सुशासन और राष्ट्र प्रथम की भावना का जीवंत उदाहरण है। उनकी दूरदर्शी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। आज भारत विश्व की प्रमुख शक्तियों में सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर चुका है और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक निर्णय राष्ट्रहित, गरीब कल्याण और भविष्य के भारत के निर्माण को केंद्र में रखकर लिया गया है। यही कारण है कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार उन्हें अपना नेतृत्व सौंपकर उन पर अटूट विश्वास व्यक्त किया है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के पारा स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए सतत कार्य करते रहने के लिए महादेव से प्रार्थना की। उनके साथ पूर्व मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, युवा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एकेटीयू के नवाचार से प्रभावित हुए अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में बुधवार को भारत सरकार के उद्योग एवं आतंरिक व्यापार संवर्धन विभाग यानि डीपीआईआईटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भ्रमण कर नवाचार एवं उद्यमिता के इकोसिस्टम को समझा।

इस दौरान अधिकारियों ने कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय से मुलाकात भी की। इस दौरान नवाचार एवं उद्यमिता पर चर्चा हुई। नवाचार एवं उद्यमिता के लिए विश्वविद्यालय की ओर से चलाई जा रही योजनाओं, सुविधाओं एवं इकोसिस्टम के बारे में विस्तार से जाना। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने इनोवेशन हब की ओर से किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बताया कि इनोवेशन हब के नेतृत्व में प्रदेश भर में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दिशा में विश्वविद्यालय ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्युबेशन सेंटर बनाने की पहल की है। जिसके तहत दूरदराज के युवाओं को भी इस क्षेत्र में आने का अवसर मिल रहा है। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित एआईसीटीई आइडिया लैब, इनोवेशन हब को वर्किंग स्पेश तथा विभिन्न नवाचार एवं स्टार्टअप गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने इन्क्यूबेटेड एवं उभरते हुए स्टार्टअप्स के संस्थापकों से संवाद किया, उनके नवाचारों, कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

अधिकारियों ने विश्वविद्यालय में विकसित नवाचार एवं उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं के साथ उत्कृष्ट समन्वय एवं कनेक्टिविटी स्थापित की गई है, जो स्टार्टअप एवं नवाचार संस्कृति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। यह भ्रमण अत्यंत सफल, प्रेरणादायक एवं फलदायी रहा, जिसने विश्वविद्यालय के नवाचार एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी जय प्रकाश शिवहरे, अवर सचिव डीपीआईआईटी कपिल मीणा, प्रवीण वर्मा, वित्त अधिकारी केशव सिंह, डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा, इनोवेशन हब के सीईओ महीप सिंह, सीआईओ वंदना शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे साथ आदि लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

कोर्ट के निर्देश पर दस नामजद 24 अज्ञात लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के पवई गांव निवासी लालजी शर्मा पुत्र स्व लक्ष्मी नारायण शर्मा ने आरोप लगाया कि 13 मार्च की सुबह गांव निवासी धीरु मिश्रा, रामू मिश्रा, श्यामू मिश्रा, पुत्तन मिश्रा, राजा मिश्रा, अभय मिश्रा, आदर्श मिश्रा, आकाश मिश्रा, गोलू तिवारी, आशीष उर्फ लकी ट्रैक्टर ट्राली पर ईट पत्थर रख कर और अवैध असलहों से लैस होकर घर के पास की भूमि पर कब्जा करने पहुंचे और उस पर हमला कर दिया और दहशत फैलाने के लिए पांच राउंड फायरिंग करते गांव से भगा देने का ऐलान किया जब वह थाने गया तो पुलिस ने दूसरे दिन सुबह आने के लिए कहा और फिर से हमला कर दिया जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया पुलिस को शिकायती पत्र दिया लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई जिसके बाद उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई फिर भी सुनवाई नहीं हुई न्याय नहीं मिला तो अदालत चला गया अदालत के आदेश पर पुलिस ने दस नामित और 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर लिया है इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दस नामित और 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर लिया गया है।

अनियंत्रित डीसीएम थाने के गेट की बाउंड्री में घुसी, टला बड़ा हादसा

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर एक डीसीएम अनियंत्रित होकर आसीवन थाने के गेट की बाउंड्री से टकरा गई। इस हादसे में थाने की बाउंड्री पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह घटना मंगलवार देर रात हुई। रैयामऊ गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र राजाराम डीसीएम चालक है। वह डीसीएम में कोल्ड्रिंक्स लादकर मियागंज जा रहा था। थाने के गेट के समीप पहुंचते ही वाहन अनियंत्रित हो गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चालक संदीप कुमार को डीसीएम से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, यह राहत की बात है।

ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण करने का आरोप

पुरवा, उन्नाव। कस्बे के मुहल्ला दुगार्पुर निवासी राम अवतार, राम सुमेर आदि कई लोगो ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि मुहल्ले में भूमि संख्या 188,190 जोकि सरकारी अभिलेखों में खलिहान के रूप में दर्ज है।उक्त सरकारी भूमि पर मुहल्ले के ही एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।जिसकी शिकायत पूर्व ने एसडीएम से की गई थी।जिसपर एसडीएम ने लेखपाल को मौके पर भेजकर कार्य को रुकवा दिया था।लेकिन कुछ दिन बाद उक्त व्यक्ति द्वारा दोबारा कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।जब कार्य करने के लिए मना किया गया तो उक्त व्यक्ति विवाद करने पर आमादा है।पीड़ित ने सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की गुहार लगाई है।जिलाधिकारी ने एसडीएम पुरवा को जांचकर कार्रवाई के निर्देश दिए है।

दिव्यांग सम्मान पद यात्रा का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दिव्यांगजनों के सम्मान, अधिकारों और विभिन्न मांगों को लेकर शुक्लागंज से लखनऊ तक 'दिव्यांग सम्मान पदयात्रा' शुरू की गई। नगर कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित इस पदयात्रा का उद्देश्य दिव्यांगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना और उनके लिए बेहतर सुविधाओं की मांग करना है। पदयात्रा का नेतृत्व नगर कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष पिंटू तिवारी और प्रदेश महासचिव तन्मय श्रीवास्तव कर रहे हैं। कांग्रेस नगर अध्यक्ष मयंक बाजपेयी ने मुख्य अतिथि के रूप में हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया।मयंक बाजपेयी ने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा दिव्यांगों को उनका उचित हक और सम्मान दिलाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। पदयात्रा के दौरान एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दिव्यांगों से जुड़ी विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपेगा। प्रमुख मांगों में दिव्यांग पेंशन को वर्तमान 1,000 रुपये से बढ़ाकर कम से कम 5,000 रुपये प्रतिमाह करना शामिल है। अन्य मांगों में बिजली के बिलों में 50 प्रतिशत की छूट, दिव्यांगों के लिए विशेष आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड उपलब्ध कराना और आवासहीन दिव्यांगों को सरकारी आवास या कॉलोनी प्रदान करना शामिल है।प्रदेश महासचिव तन्मय श्रीवास्तव ने कहा कि यह यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिव्यांग समाज की आवाज को शासन तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रास्ते में उन्नाव और आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में दिव्यांगजन इस पदयात्रा से जुड़ेंगे। श्रीवास्तव ने सरकार से दिव्यांगों के हित में ठोस और प्रभावी कदम उठाने की अपील की। इस कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भी हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों में बाबूलाल गुप्ता, महेश मिश्रा, शिवकिशोर प्रजापति, रंजीत कुमार, धर्मराज निषाद, सचिन कुमार, ज्योतिष कुमार, रामकुमार गौतम, नीरज गुप्ता, रुपेश, रिंकू सिंह और दीपेंद्र सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

शादी के एक माह बाद संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शादी के महज एक माह बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान 20 वर्षीय चांदनी के रूप में हुई है, जो बीघापुर थाना क्षेत्र के हृदय नगर निवासी मनोहर की पुत्री थी। उसकी शादी 7 मई 2026 को शहर कोतवाली क्षेत्र के बक्खा खेड़ा निवासी मनोहर पुत्र दिनेश के साथ हुई थी। चांदनी के मामा दिलीप पुत्र रामसनेही ने मंगलवार देर रात करीब 12:50 बजे शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी।उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही चांदनी को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था और मंगलवार रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची। युवती को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर दोनों पक्षों के परिजन अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया है।अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मृतका के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले की गहन जांच कर रही है।पुलिस का कहना है कि विवाह को अभी एक माह ही हुआ था, इसलिए मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है। ससुराल पक्ष के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। जांच में किसी की भूमिका सामने आने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली सदर पुलिस के अनुसार, प्राप्त तहरीर के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या नहीं है।

बाइक की टक्कर से सायकिल सवार वृद्ध की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बाइक की तेज टक्कर लगने से साइकिल सवार एक स्कूल चौकीदार की असमय मौत हो गई घटना की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेज दिया है घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बांगरमऊ क्षेत्र के गांव जगटापुर निवासी 65 वर्षीय वेदप्रकाश पुत्र कालिका प्रसाद क्षेत्र स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड के निकट एक निजी स्कूल में चौकीदार के रूप नौकरी कर रहा था जिससे बुधवार को दोपहर करीब वह खाना लेकर साइकिल से घर से निकलकर विद्यालय जा रहा था तभी रास्ते में एक्सप्रेसवे स्थित बांगरमऊ टोल के निकट सर्विस रोड पर सामने से आ रहे बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी घटना के बाद उसे बांगरमऊ अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सक उसका उपचार शुरू करते इसी दौरान उसकी मौत हो गई जिसकी खबर मिलते ही तमाम परिजन व ग्रामीण अस्पताल में एकत्र हो गए तथा परिजनों में चीखपुकार मच गई तथा सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है।

वही घटना के दौरान बाइक सवार विशाल पुत्र संजय निवासी भारत खेड़ा व अनिकेत पुत्र सरवन भी बाइक गिरने से घायल हुए जिन्हें रेफर कर दिया गया।

मृतक वेदप्रकाश मूलरूप से मल्लावां थानाक्षेत्र निवासी थे किंतु पिछले करीब 20 वर्षों से वह अपनी बहन सुधा निवासी जगटापुर में रहकर स्कूल में चौकीदारी की नौकरी कर जीवन यापन करते चले आ रहे थे।

विद्युत आपूर्ति ठप से नाराज उपभोक्ताओं ने रोड किया जाम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लोक नगर क्षेत्र में करीब 24 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण मंगलवार रात को स्थानीय निवासियों ने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर शिकायतों पर ध्यान न देने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद बिजली विभाग ने खराब ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया शुरू की। लोक नगर निवासी चंद्रवर्धन सिंह ने बताया कि क्षेत्र में सोमवार देर रात करीब दो बजे से बिजली आपूर्ति बाधित थी। लगातार बिजली न आने से पूरे मोहल्ले के लोग परेशान थे। घरों में पानी की समस्या खड़ी हो गई थी और महिलाओं को भोजन बनाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल रहने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों की परेशानी बढ़ गई थी।स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्होंने समस्या को लेकर कई बार संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। बाद में उनका नंबर भी ब्लॉक कर दिया गया। इसके बाद अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) से संपर्क किया गया, जिन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन उनका फोन भी बंद हो गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उन्होंने बिजली विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर भी कई बार शिकायत दर्ज कराई। अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कई शिकायतें करने के बावजूद कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला और न ही समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई।बिजली विभाग की उदासीनता से नाराज होकर मोहल्ले के कुछ युवकों ने सड़क पर धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। शुरूआत में कुछ लोग ही मौके पर पहुंचे थे, लेकिन धीरे-धीरे पूरे मोहल्ले के लोग उनके समर्थन में एकत्र हो गए। इसके बाद सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जाम की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया। पुलिस और स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद बिजली विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और खराब ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य शुरू किया।

चलती बाइक में लगी आग, धू-धू कर जली टला हादसा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को चलती बाइक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बाइक आग के गोले में तब्दील हो गई और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि चालक ने समय रहते बाइक से उतरकर अपनी जान बचा ली। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बाइक पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सड़क पर सामान्य रूप से चल रही थी। इसी दौरान वाहन से धुआं निकलता दिखाई दिया। कुछ ही क्षणों में बाइक में आग लग गई और लपटें तेजी से फैलने लगीं। आग लगते ही चालक ने बाइक रोककर खुद को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। कुछ देर में पूरी बाइक जलकर कबाड़ में बदल गई। आग लगने का कारण बैटरी में शॉर्ट सर्किट अथवा अन्य तकनीकी खराबी माना जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है।घटना का वीडियो वहां मौजूद एक राहगीर ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में बाइक को धू-धू कर जलते हुए देखा जा सकता है।

साधु हत्या कांड में बाबा का हुआ अंतिम संस्कार तीन आरोपी गिरफ्तार दो की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में चर्चित साधु हत्या कांड के पीड़ित बाबा रामदास का बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। परिजनों ने हत्या के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय दिलाने की आवाज बुलंद की।

मृतक साधु की बहन ने मीडिया से बातचीत में घटना पर गहरा दुख और नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनके भाई की निर्मम हत्या करने वालों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, एनकाउंटर और बुलडोजर कार्रवाई की भी मांग उठाई। परिजनों का कहना है कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं होते और उन्हें सख्त सजा नहीं मिलती, तब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा।

अंतिम संस्कार स्थल पर मौजूद लोगों ने भी न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अधिकारियों ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

पुलिस के अनुसार साधु हत्या मामले में नामजद पांच आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि बाबा रामदास की हत्या के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नगर पंचायत परिसर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कस्बा मौरावां के नगर पंचायत कार्यालय परिसर में केंद्र सरकार के 12 वर्ष और राज्य सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अनिल सिंह को नगर पंचायत अध्यक्ष विवेक सेठ ने अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान विधायक अनिल सिंह ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का बखान किया।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसके माध्यम से 55 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान किया जा रहा है। इसका लाभ 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को भी मिल रहा है। भारत दुनिया में डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी बन गया है।वढक के माध्यम से गांव से लेकर शहर तक हर वर्ग के लिए आर्थिक लेनदेन बेहद आसान और पारदर्शी हो गया है। देश के वंचित वर्गों को मुख्य बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने के लिए करोड़ों शून्य-बैलेंस बैंक खाते खोले गए। नगर पंचायत अध्यक्ष कुँवर विवेक सेठ ने कहा कि गरीबों को पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए गांवों और शहरों में तेजी से आवासों का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कानून के तहत संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर असोहा के ब्लाक प्रमुख आनंद गुप्ता, जिला महामंत्री डॉ रजनीश वर्मा,मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता,ओमू त्रिपाठी,दिपांशू चौधरी, शुभम श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

डीसीएम चालक का शव केबिन में मिलने से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बजेहरा गांव के पास स्थित जेप्टो कंपनी परिसर में बुधवार को एक डीसीएम चालक का शव वाहन के केबिन के अंदर मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा,जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान (30)बंटी शर्मा पुत्र राजेंद्र प्रसाद शर्मा निवासी अलीगढ़, के रूप में हुई है। वह डीसीएम वाहन चालक था और जेप्टो कंपनी में बाहर से सामान लेकर आया था। काफी देर तक चालक के केबिन से बाहर न निकलने पर लोगों को संदेह हुआ। पास जाकर देखने पर वह केबिन के अंदर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। घटना की सूचना तत्काल सोहरामऊ पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोहरामऊ इंस्पेक्टर अरविंद पांडे का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।सोहरामऊ पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध नहीं लग रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वहीं, घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। चालक की अचानक मौत से कंपनी परिसर और आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

गैर जनपद में विद्युत करंट से कंटेनर चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। गोरखपुर में सोमवार को हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर उन्नाव के बिहार थाना क्षेत्र के चांदपुर निवासी कंटेनर ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था। बुधवार सुबह परिजनों ने बिहार थाना क्षेत्र के उन्नाव लालगंज हाइवे पर तकिया मेला गेट के पास शव रखकर हाइवे जाम कर दिया। उनका कहना था कि मामले में ट्रांसपोर्ट मालिक ने जो आश्वासन दिया वह पूरा नही किया। सूचना पाकर पहुंची बिहार थाना पुलिस की सूझबूझ से पन्द्रह मिनट बाद जाम खुल गया।

बिहार थाना क्षेत्र के चांदपुर निवासी हरिनाम (50) पुत्र शंकर लखनऊ के न्यू ब्राइट एक्सप्रेस ट्रांसपोर्ट का कंटेनर चालक है। सोमवार शायं को वह लखनऊ से ट्रासपोर्ट का सामान लेकर गोरखपुर पहुंचा था तभी गोरखपुर के खजनी थाना क्षेत्र के छपिया पशु बाजार के पास कंटेनर बैक करते समय उसका ऊपरी हिस्सा हाईटेंशन लाइन में छू गया। जिससे चालक हरिनाम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची गोरखपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया था। परिजन मंगलवार को शव लेकर बिहार थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव आ गये। अंतिम संस्कार में मदद के लिये बुधवार सुबह परिजन ने ट्रासपोर्ट मालिक को फोन किया। मालिक का फोन न उठने पर आक्रोशित परिजनों ने उन्नाव लालगंज हाइवे पर बिहार थाना क्षेत्र के तकिया में शव रखकर हाइवे जाम कर दिया आक्रोशित परिजनों का कहना था कि हरिनाम की मौत पर ट्रांसपोर्ट मालिक व्दारा जो आश्वासन दिया गया वह पूरा नही हुआ। उन्हे न्याय नही मिला है। सूचना पाकर पहुंचे बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह ने परिजनों को समझाबुझाकर ट्रांसपोर्ट मालिक से वार्ता कर उन्हे आर्थिक मदद का आश्वासन दिलाया। आश्वासन पाकर शांत हुये परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुये। बुधवार देर शायं मृतक का अंतिम संस्कार डौडियाखेडा घाट पर किया गया। मृतक की पत्नी रामदुलारी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मुआवजे की मांग की है। मृतक के दो बेटे शशिकांत व शिवाकांत है। शिवाकांत की शादी नही हुई है। मृतक की मौत पर पत्नी रामदुलारी वह पारिवारिक जनों का का रोरोकर बुरा हाल है।

गंगा नदी के डूबे युवक का दूसरे दिन मिला पानी में उतराता शव

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के बक्सर स्थित मां चंडिका देवी दरबार में मंगलवार को गंगा में स्नान करने करने के दौरान डूबे 25 वर्षीय युवक का शव बुधवार सुबह घटना स्थल से 50 मीटर दूर उतराता मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर कर्ण निवासी गौरव पुत्र राम जीवन अपने चाचा राम गणेश, चाची अर्चना, मां संगीता, मौसी पूजा, बहन प्रतिमा तथा परिवार के अन्य लोगों के साथ बक्सर घाट पर मंगलवार को गंगा स्नान करने करने आए हुए थे सुबह लगभग 11:00 बजे हनुमान मंदिर के पीछे पैर फिसल जाने से गौरव गहराई में चले गए सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बक्सर चौकी इंचार्ज राजेंद्र मिश्रा ने स्थानीय गोताखोरों, शुक्लागंज से आई टीम तथा एनडीआरएफ टीम को बुलाया लेकिन सफलता हाथ नहीं लग सकी। बुधवार को सुबह लगभग 10:00 बजे मां चंडिका देवी मंदिर के सामने डूबे युवक का शव उतराता मिला। चौकी इंचार्ज ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम भेजा है।शव मिलते ही घाट पर कोहराम मच गया। को बुलाकर युवक की खोज शुरू कराई। मृतक अविवाहित था सिकंदरपुर कर्ण कस्बे में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान का संचालन करता था।एक छोटा भाई हर्षित 17 वर्ष, बहन प्रतिमा है।

बाइक व साइकिल की टक्कर वृद्ध समेत तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सण्डीला मार्ग पर आसीवन थाना क्षेत्र में बाइक और साइकिल की टक्कर हो गई।इस हादसे में एक वृद्ध सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह घटना बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। औरास थाना क्षेत्र के सिधूर गांव निवासी 65 वर्षीय राजनारायण पुत्र स्व. रामलाल साइकिल से कादिरपुर गांव जा रहे थे।इसी दौरान, हसनगंज क्षेत्र के दुबे गढ़ी गांव निवासी 25 वर्षीय अजय वर्मा पुत्र देशराज अपने पड़ोसी 19 वर्षीय नैमिष वर्मा पुत्र राकेश कुमार के साथ बाइक से औरास से घर लौट रहे थे। उन्नाव-सण्डीला मार्ग पर पीपल पौशाला गांव के पास राजनारायण ने अचानक अपनी साइकिल मोड़ दी। इससे बाइक सवारों से जोरदार टक्कर हो गई। इस भिड़ंत में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी।एंबुलेंस चालक रामसिंह और ईएमटी गोविंद कुमार मौके पर पहुंचे और घायलों को मियागंज सीएचसी ले गए। डॉक्टर मुश्ताक कादिर उनकी चिकित्सा कर रहे हैं।

आगे जा रहे डंपर में पीछे से घुसा दूसरा डंपर चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। कस्बे हाईवे पर मंगलवार रात नहर मोड़ के पास दो डंपरों की टक्कर हो गई। अचानक ब्रेक लगाने से एक डंपर दूसरे से पीछे से टकरा गया जिससे एक डंपर चालक घायल हो गया। हादसे के कारण कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हुआ।नवाबगंज कस्बे के नहर मोड़ के पास हाइवे पर हुई घटना से पीछे वाले डंपर का चालक रामनरेश पुत्र जगन्नाथ जो सीतापुर जिले के राजकोट का निवासी है, इस दुर्घटना में घायल हो गया।एनएचएआई एंबुलेंसने घायल रामनरेश को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। जहाँ हालत नाजुक देख चिकित्सको ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन हाईवे पर खड़े होने के कारण यातायात प्रभावित हुआ। सूचना मिलनेपर पुलिस मौके पर पहुंची और हाइड्रा की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात को सुचारु रूप से व्यवस्थित कराया।

सम्पादकीय

सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़े सुविधाओं का दायरा

भारत-बांग्लादेश सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में फेंसिंग का कार्य शुरू होना केवल सुरक्षा का मामला नहीं है, बल्कि वहां रहने वाले लाखों लोगों के जीवन में स्थिरता और विश्वास लौटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। लंबे समय से सीमा के कई हिस्सों में बाड़ नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को घुसपैठ, तस्करी, फसल चोरी और सुरक्षा संबंधी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। अब जब सीमा पर कंटीले तार लगाने और सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने की प्रक्रिया शुरू हुई है, तो लोगों में नई उम्मीद जगी है। चुनाव के कारण क्षेत्र में ठप पड़े कामों पर अब एक्शन शुरू हो चुका है। भाजपा की नई सरकार बंगाल में विकास के वादे के साथ आई। लोगों को उम्मीद है कि अब यहां सुरक्षा के साथ सुविधाएं भी मिलेंगी। मुर्शिदाबाद जिले के जलंगी बाजार स्थित सकारपाड़ा गांव की स्थिति इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती है। लगभग चार हजार आबादी वाले इस गांव के अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हैं। यहां घरों के बाद सीधे खेत शुरू हो जाते हैं और खेतों के बाद बांग्लादेश की सीमा आ जाती है। वर्षों से स्थानीय किसानों की शिकायत रही है कि सीमा पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण उनकी फसलें नुकसान का शिकार होती रही हैं। बंगाल की बांग्लादेश के साथ करीब 2,216 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है, जो किसी भी भारतीय राज्य की सबसे लंबी सीमा मानी जाती है। इसके बावजूद करीब 600 किलोमीटर क्षेत्र ऐसा है, जहां अब तक फेंसिंग का कार्य अधूरा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार भारत-बांग्लादेश सीमा के अधिकांश हिस्से में बाड़ लग चुकी है, लेकिन शेष क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से चुनौती बना हुआ है। ऐसे में सीमावर्ती जिलों में फेंसिंग का विस्तार समय की मांग है। हाल के दिनों में नई राज्य सरकार द्वारा बीएसएफ को भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज की गई है। जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, सिलिगुड़ी, मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे जिलों में जमीन हस्तांतरण और सुरक्षा ढांचे के विकास का कार्य शुरू हुआ है। यह कदम सीमा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगा। बीएसएफ आउटपोस्ट, निगरानी तंत्र और फेंसिंग के माध्यम से अवैध घुसपैठ तथा तस्करी पर अंकुश लगाने में सहायता मिलेगी। हालांकि केवल बाड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं होगा। सीमावर्ती क्षेत्रों की सबसे बड़ी समस्या विकास और सुविधाओं का अभाव भी है। इन इलाकों में सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, सिंचाई और रोजगार के अवसर अपेक्षाकृत कम हैं। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ इन क्षेत्रों के सामाजिक और आर्थिक विकास पर भी समान रूप से ध्यान देना होगा। यदि सीमावर्ती गांवों के युवाओं को रोजगार, किसानों को बेहतर बाजार और ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी, तभी सुरक्षा उपायों का वास्तविक लाभ समाज तक पहुंचेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासी देश की सुरक्षा व्यवस्था का पहला मानवीय चेहरा होते हैं। इसलिए उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना राष्ट्रीय हित का विषय है। फेंसिंग से जहां सुरक्षा बढ़ेगी, वहीं सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि ग्रामीणों की खेती, आवागमन और दैनिक जीवन प्रभावित न हो। इससे घुसपैठ और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण मजबूत होगा तथा स्थानीय लोगों में सुरक्षा का भाव बढ़ेगा, लेकिन इस प्रक्रिया की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी, जब सीमावर्ती गांवों में रहने वाले नागरिकों को सुरक्षा के साथ-साथ विकास, सुविधाएं और बेहतर जीवन के अवसर भी प्राप्त होंगे।

कमजोर मानसून

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

महंगाई का लगेगा तड़का अर्थव्यवस्था होगी प्रभावित

मौसम विभाग द्वारा जून से सितंबर मानसून के दौरान 10 प्रतिशत कम बरसात का पूर्वानुमान बेहद चिंता का कारण बन गया है। इससे पहले जारी पूर्वानुमान में 8 प्रतिशत कम बरसात की संभावना व्यक्त की गई थी। लगभग दस साल बाद देश में कमजोर मानसून के हालात रहने की संभावना है। अर्थव्यवस्था के लिए यह इसलिए और भी अधिक चिंतनीय हो जाता है कि एक और अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर के आसार नहीं दिख रहे हैं और इसके कारण भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश कच्चे तेल और गैस की समस्या से दो-चार हो रहे हैं और इसका सीधा असर महंगाई बढ़ना हो रहा है। दूसरी और अब अलनीनों के प्रभाव से इस साल कमजोर मानसून के कारण 10 प्रतिशत कम बरसात होने से हालात और भी गंभीर होने की आशंका बनती जा रही है। करीब दस साल बाद ऐसे हालात बनने जा रहे हैं। खास बात यह है कि उत्तर-पूर्व को छोड़कर समूचे देश में कम बरसात की संभावना व्यक्त की गई है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान को इसलिए भी नहीं नकारा जा सकता है कि पिछले सालों में भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान लगभग सटीक रहने लगे हैं। इस साल गर्मी भी भीषण पड़ रही है और पिछले एक माह में ही जलाशयों में उपलब्ध पानी में तेजी से कमी आई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश के प्रमुख 166 जलाशयों में कुल भराव क्षमता का 24 प्रतिशत के आसपास ही पानी रह गया है और तेजी से पानी कम होता जा रहा है। दक्षिण भारत के हालात अधिक गंभीर है और वहां लगभग 17 प्रतिशत ही पानी रह गया है। मानसून भी तय समय से विलंबित हो रहा है। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि हमारी अर्थव्यवस्था मानसूनी बरसात पर बहुत कुछ निर्भर करती है। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है। पूर्वानुमानों को मानें तो 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी, उसके बाद के सालों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले सालों में मानसून की स्थिति देखें तो 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है, अन्यथा देश में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसापास व इससे अधिक ही रही है। कमजोर मानसून के कारण भूजल स्तर में गिरावट, अधिक पानी पर निर्भर धान, तिलहन और दलहन की फसल प्रभावित होगी और इस कारण से खाद्य महंगाई बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। इससे आम आदमी की थाली पर असर पड़ेगा और सब्जी, दाल और अनाज सभी के भाव बढ़ने का असर दिखाई देगा। इसी तरह से देश के अनेक हिस्सों में पीने के पानी की दिक्कत आम है। बांधों में तेजी से पानी की कमी और मानसून कमजोर रहने से पानी की कम आवक रहती है तो निश्चित रुप से सिंचाई व पेयजल दोनों के लिए पानी की दिक्कत होगी। जल विद्युत परियोजनाओं में विद्युत उत्पादन पर असर होगा तो कुल मिलाकर अर्थ व्यवस्था को प्रभावित होने से कोई नहीं रोक सकता। दरअसल देश में एक समय था जब सूखा आम होता था और व्यापक स्तर पर अकाल राहत कार्य संचालित होते थे। हालांकि देश के हालातों में काफी सुधार हुआ है और अकाल को तो लगभग भूल ही चुके हैं। पर सवाल वहीं का वहीं है कि जल संचयन के जो प्रयास होने चाहिए थे और उनका जिस तरह का प्रभाव पड़ना चाहिए था, वह अभी तक सामने नहीं आया है। सरकार के सामने कमजोर मानसून के हालात से निपटने की बड़ी चुनौती आने वाली है। सबसे अधिक तो जल संग्रहण की चुनौती होगी क्योंकि प्राकृतिक जल संग्रहण के रास्ते शहरीकरण की भेंट चढ़ चुके हैं। दीर्घकालीन सोच के साथ ठोस प्रयास नहीं होने से बरसात के पानी का सही तरीके से संग्रहण भी नहीं हो पा रहा है। जितने पानी की साल भर आवश्यकता होती है, उससे अधिक बरसाती पानी तो बह जाता है। इसके अलावा पानी का उपयोग और दुरुपयोग दोनों ही बढ़ गए हैं। कम पानी से तैयार होने वाली फसलों की किस्में विकसित करने में हम अभी पूरी तरह से सफल नहीं हो पाए हैं। पांच नदियों के प्रदेश पंजाब तक में पानी का संकट होने लगा है। खेती ही नहीं घरेलू जरुरतों में भी पानी का उपयोग बहुत अधिक बढ़ गया है।

त्रिभाषा से होगा राष्ट्र चेतना का जागरण

शिक्षा नीति

अखिलेश आर्येन्दु

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9 से त्रिभाषा सूत्र लागू करने का फैसला किया है। इसका मकसद इससे बच्चों में भाषाई, राष्ट्रीय, सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना है। हिंदी को राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करने की मांग भी दशकों से होती रही है। वहीं, दक्षिण में (तमिलनाडु) में हिंदी के विरोध से चुनाव जीते जाते रहे हैं। कुछ खास दलों द्वारा किया गया हिंदी का विरोध शिक्षण संस्थानों और राज्य के मान-सम्मान से भी जोड़ने का कार्य किया गया। देश प्रथम का नारा का मतलब- स्व-भाषा, स्व-संस्कृति, स्व-धर्म और स्वदेशी वस्तुओं को अहमियत देने से है, तभी भारत दुनिया का हर तरह से शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में अभिनंदनीय होगा।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9 से त्रिभाषा सूत्र लागू करने का फैसला किया है। इसका मकसद इससे बच्चों में भाषाई, राष्ट्रीय, सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना है। गौरतलब है भारत में भाषा का मुद्दा आजादी के बाद से ही चर्चा का विषय रहा है। खासकर हिंदी एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में लागू करने और उसे सम्मान के साथ सीखने का मुद्दा राजनीति के गलियारों में समर्थन व विरोध के रूप में जाना गया है। उत्तर भारत में हिंदी और उसकी बोलियों का इस्तेमाल सबसे ज्यादा किया जाता है। हिंदी को राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करने की मांग भी दशकों से होती रही है। वहीं, दक्षिण में (तमिलनाडु) में हिंदी के विरोध से चुनाव जीते जाते रहे हैं। कुछ खास दलों द्वारा किया गया हिंदी का विरोध शिक्षण संस्थानों और राज्य के मान-सम्मान से भी जोड़ने का कार्य किया गया।

त्रिभाषा सूत्र शिक्षण संस्थानों में लागू करने की पहल छह दशक पूर्व की गई थी, लेकिन छात्रों में अपनी मातृभाषा के प्रति लगाव नहीं पैदा हुआ। इसकी वजह भारतीय भाषाओं की अपेक्षा अंग्रेजी को ज्यादा तरजीह देना रहा है। केंद्र सरकार ने इस कमी को समझा और एनसीईआरटी ने सत्र 2026-27 में 9वीं कक्षा में त्रिभाषा फार्मूला लागू करने का निर्देश जारी किया है। गौरतलब है त्रिभाषा सूत्र का फार्मूला कोठारी आयोग ने छह दशक पूर्व दिया था, जिसे कोठारी आयोग के नाम से जाना जाता है। इसे त्रिभाषा सूत्र (फार्मूला) कहा जाता है। वक्त-दर-वक्त इसमें संशोधन किए जाते रहे। 2020 के नई शिक्षा नीति के तहत इसे लागू करने का प्रस्ताव किया गया। इसका मकसद बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के साथ भाषाई, सांस्कृतिक, सामाजिक और राष्ट्रवादी चेतना को बढ़ावा देने के रूप में बताया गया। नई शिक्षा नीति के इस भाषाई फार्मूले के दस्तावेज में कहा गया कि –संवैधानिक प्रावधानों, जनता, क्षेत्रों और संघ की आकांक्षाओं, बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए-त्रिभाषा फार्मूला लागू रहेगा। साथ में यह भी स्पष्ट किया गया कि त्रिभाषा फार्मूला अधिक लचीला होगा और किसी भी राज्य में कोई भाषा थोपी नहीं जाएगी। देश के हर बच्चे को यह सहुलियत होगी कि वह अपने राज्य, क्षेत्र और रुचि के मुताबिक कोई भी दो भाषा पढ़े, जो भारतीय हों।

नई शिक्षा नीति के अनुसार (एनईपी 2020) छात्र भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी के अलावा कोरियाई, स्पेनिश, जापानी, जर्मन और फ्रेंच जैसी कोई भी भाषा रुचि के अनुसार सीख सकेगा। नई पीढ़ी में भाषाई अभिरुचि के विकास के साथ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के जागरण के प्रयास में एनसीईआरटी लगा हुआ है। दो भारतीय भाषा सीखने से छात्र जहां भारतीय सांस्कृतिक विविधता और भाषाओं की अहमियत को समझ सकेगा वहीं पर भारत की ज्ञान परंपरा और लोक धर्म को भी समझ सकेगा। गौर तलब है भाषा महज शिक्षा प्राप्त करने का माध्यम या विषय ही नही है, बल्कि उस भाषा में सृजित साहित्य, ज्ञान, परंपराओं के साथ उसमें चिंतन की प्रवृत्ति भी विकसित होगी। आजादी के सतहत्तर साल बाद भारत के राजनीतिक दलों में भाषा के मुद्दे पर एक समान चिंतन या समझ पैदा नही हो पाई है।

इसका परिणाम यह दिखाई दे रहा है कि देश में राष्ट्र भाषा या राष्ट्रीय भाषा की अहमियत और समझ विकसित नहीं हो पाई है। जो लोग 2020 की शिक्षा नीति और 9वीं में लागू होने वाली त्रिभाषा शिक्षा नीति को अपने राजनीतिक स्वार्थ की वजह से विरोध कर रहे हैं, उनका विरोध न केवल छात्र के मानसिक और सामाजिक चेतना के विकास में अवरोधक है, बल्कि राष्ट्रीय भाषाई एकता को सबल बनाने की कोशिश पर प्रतिघात जैसा है। भारत आर्थिक रूप से भले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बनने की दिशा में दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहा हो, लेकिन राष्ट्र एकता की आधार भाषाई एकता के मामले में सबसे पीछे है।

गौरतलब है कि एनसीईआईआरटी ने हर क्षेत्र और हर तरह के छात्रों-छात्राओं के हित को ध्यान में रखकर इसे लागू किया है। विदेशी छात्रों, दिव्याग छात्रों और दूसरे तरह के छात्रों को इस फार्मूला से कोई दिक्कत आने वाली नहीं है। यानी शैक्षिक सहजता, मानसिक संतुलन और व्यावहारिक जरूरतों को इससे पूर्ति हो पाएगी। बोर्ड ने त्रिभाषा सूत्र के हर बिंदु और नजरिए पर शिद्दत के साथ गौर किया है। आजादी के वक्त और उसके बाद राष्ट्र भाषा का मुद्दा हल नहीं किया गया, जिसका परिणाम हुआ कि भारत की कोई राष्ट्र भाषा संविधान में इंगित नहीं हो पाई। जब कि हिंदी राष्ट्र भाषा बनने की हकदार थी और है, क्योंकि यह सभी भाषाओं से अधिक क्षेत्रफल में और सबसे अधिक लोगों द्वारा बोली, लिखी और समझी जाने वाली भाषा है। यह चूक या भूल आज तक ठीक नहीं हो पाई है। वरना कोई वजह नहीं कि त्रिभाषा सूत्र पर बेमतलब विरोध किया जाता। किसी भी देश की राष्ट्र भाषा उस देश की आत्मा होती है, क्योंकि राष्ट्र रूपी शरीर में दिल आत्मा रूपी प्राण-वायु से ही धड़कता है। सनातन से भारत में भाषा दिल की धड़कन रही है। वह चाहे संस्कृत, पाली, प्राकृत रही हो या तमिल, कन्नड़ या पंजाबी रही हो। सभी भाषाओं में विपुल साहित्य लिखा गया। इसलिए दक्षिण से यदि त्रिभाषा फार्मूले का विरोध दिखता है तो बेहद अफसोस और चिंता होती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अधिक से अधिक भाषा सीखने से व्यक्ति की मानसिक, बौद्धिक, तार्किक, रचनात्मकता, वैज्ञानिकता और संवेदनात्मकता, समीक्षात्मक शक्ति और सहज चिंतन का विकास होता है। विडम्बना यह है कि गुलामी की भाषा अंग्रेजी हमारे रग-रग में इस तरह घुसपैठ कर चुकी है कि अपनी मातृभाषा पर भी ध्यान देना भूल गए हैं। फिर अपनी मातृभाषा पर गर्व कैसे करेंगे? यह नहीं कहा जा रहा है कि अंग्रेजी को छोड़ हिंदी या दूसरी भारतीय भाषाओं को सीखो। हमारा कहना बस इतना है कि मातृभाषा को भी उतनी ही अहमियत देनी होगी जितनी अंग्रेजी को। आजादी के अमृत काल में देश के युवा वर्ग के साथ-साथ शिक्षकों, समाज सेवियों, अभिभावकों, भाषा और शिक्षाविदों, समाज सुधार करने वाले संगठनों और राष्ट्रधर्मियों को सरकार के इस भाषाई पहल का समर्थन ही नहीं करना चाहिए, बल्कि इसकी जरूरत को त्रिभाषा फार्मूले का विरोध करने वालों को भी समझाना चाहिए। इससे भारत की सभी भाषाओं की अहमियत बढ़ेगी और हिंदी का एकतरफा राजनीतिक विरोध भी खत्म होगा।

स्वदेशी अपनाने का प्रधानमंत्री का आह्वान महज विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि भाषा, संस्कृति, शिक्षा, विचार और साहित्य के क्षेत्र में भी इसकी उपयोगिता समझने और अपनाने के लिए है। इस मुद्दे को हर किसी को देशहित, विद्यार्थी-हित, समाज और संस्कृति-हित के रूप में देखने और समझने की जरूरत है। देश प्रथम का नारा का मतलब –स्व-भाषा, स्व-संस्कृति, स्व-धर्म और स्वदेशी वस्तुओं को अहमियत देने से है, तभी भारत दुनिया का हर तरह से शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में अभिनंदनीय होगा।

हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'

संकलित

दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

गुरु का स्थान श्रेष्ठ

संकलित

प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। राजा को शिक्षा ग्रहण करते हुए कई महीने बीत गए, मगर राजा को कोई लाभ नहीं हुआ। गुरु तो रोज खूब मेहनत करता थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूं पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया- राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुवर कृपा कर के आप शीघ्र इस प्रश्न का उत्तर दीजिए, राजा ने विनती की। गुरूजी ने कहा- राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊंचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ न हो

अभी नीट परीक्षा के पेपर लीक का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब सीबीएसई अर्थात केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का मामला सुर्खियों में छा गया है। हालांकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने भी शायद माना है कि इसमें गड़बड़ी हुई है और विद्यार्थियों को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं का हल निकाला जाएगा। लेकिन सोचने वाली बात तो यह है कि देश के सबसे बड़ा शिक्षा बोर्ड ने इतनी बड़ी गलती कैसे कर दी? अब चाहे शिक्षा मंत्रालय और बोर्ड इसके लिए जो तर्क दें, लेकिन क्या इससे विद्यार्थियों को इंसाफ मिलेगा? जो उन्हें मानसिक रूप से परेशानी हुई, क्या उसकी भरपाई होगी? बहरहाल, विद्यार्थियों के हितों से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

- मनोज राजपूत, दुर्ग

करंट अफेयर

बच्चे नए तंबाकू उत्पादों के प्रति जल्दी आकर्षित होते हैं

वयस्कों की तुलना में बच्चों के नये तंबाकू और निकोटीन उत्पादों की ओर आकर्षित होने की आशंका नौ गुना अधिक होती है, जिससे वे इस उद्योग की विपणन रणनीतियों का प्रमुख शिकारबन रहे हैं। यह बात प्रमुख जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों ने रविवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर चेतावनी देते हुए कही। विशेषज्ञों ने कहा कि तंबाकू और निकोटीन उद्योग अपने उत्पादों को युवाओं के लिए आकर्षक बनाने के वास्ते स्वादयुक्त विकल्पों, आकर्षक डिजाइन, डिजिटल प्रचार और अन्य तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है जिससे नई पीढ़ी के निकोटीन की लत से ग्रस्त होने को लेकर चिंता बढ़ गई है।

ऑफ बीट

सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है

आज इस बात के बहुत ज्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।''

X ट्रेंड f

गंगा डॉल्फिन की रक्षा

गंगा डॉल्फिन की रक्षा करके हम न केवल एक प्रजाति का संरक्षण कर रहे है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति की अमूल्य विरासत की रक्षा भी कर रहे है। इस दिशा मे देश की पहली डॉल्फिन बचाव एम्बुलेंस बेहद उपयोगी साबित हो रही है।

- नरेंद्र मोदी, मोदी

सांसद पर हमला निंदनीय

सोनारपुर में सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। यह भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति का घिनौना चेहरा है। राजनीतिक मतभेद कभी भी हिंसा को उचित नहीं ठहरा सकते। केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार, दोनों को ही अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

जवाबदेही तय की जाएगी

सभी अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हर स्तर पर लापरवाही के लिए जवाबदेही तय की जाएगी। कोई भी बिल्डर, अधिकारी या प्राधिकरण कानून से ऊपर नही है। दिल्ली सरकार अपने लोगों के साथ खड़ी है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

भ्रष्ट भाजपा राजनीति

भाजपा बेईमानी से चुनाव जीतती है, इस तथ्य को भाजपा के एक विधायक ने स्वीकार किया है, जिन्होंने एक मुठभेड़ में भ्रष्ट भाजपा राजनीति का पर्दाफाश किया है और उसे कुचल भी दिया है। इस बार जनता भाजपा के सारे हथकंडे उजागर कर देगी।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

संक्षेप

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। मटेरा थाना अंतर्गत सुबह करीब 7.00 बजे सूचना मिली कि ग्राम रिक्खीरामपुरवा दाखिला असवा मोहम्मदपुर थाना मटेरा जनपद बहराइच में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है उक्त सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे जहां रेखा देवी पत्नी उमेश निवासी रिक्खीरामपुरवा दाखिला असवा मोहम्मदपुर थाना मटेरा जनपद बहराइच के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई है जिनकी शादी 10 फरवरी 2026 को हुई थी मृतका का पति उमेश शादी के एक माह बाद ही दिल्ली में रोजी-रोटी के लिए गया है उक्त सूचना फील्ड यूनिट तथा मजिस्ट्रेट को सूचना किया जा चुका है मृतका के मायके वाले भी मौके पर आ चुके है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

छत के कुंडे से लटककर युवक ने की आत्महत्या, गांव में मचा कोहराम

मां को दी गई सूचना, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम देवलखा में मंगलवार रात एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सूरज वर्मा पुत्र अरविंद वर्मा (उम्र लगभग 25 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सूरज वर्मा गांव में अकेले रह रहा था, जबकि उसका परिवार गोंडा में निवास करता है। बुधवार सुबह काफी देर तक घर का दरवाजा न खुलने पर ग्रामीणों को शक हुआ। ग्रामीणों ने कई बार आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने दरवाजे को धक्का देकर खोला तो अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। सूरज वर्मा का शव छत के कुंडे से फंदे के सहारे लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना मृतक की मां व अन्य परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। वहीं घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

थाने के सामने फायरिंग, 3 गिरफ्तार

अमेठी, बाजार शुकुल थाना के सामने स्थित करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन को लेकर विवाद अब आपराधिक मामले में बदल गया है। बंद दुकान में सेंध लगाकर कब्जे की कोशिश और विरोध करने पर फायरिंग किए जाने के आरोप के बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

चार वर्षीय मासूम की मौत के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में हो रही सराहना

अमन लेखनी समाचार

विनोद जायसवाल

बहराइच। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना रानीपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी सक्रियता, तत्परता और उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में मासूम बालक की मौत के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम गठित की और बिना समय गंवाए अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी बताया जाता है कि जैसे ही पुलिस को अभियुक्त की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई, थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उपनिरीक्षक योगेंद्र यादव सहित पुलिस टीम को सक्रिय किया। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से लगातार दबिश देकर वांछित अभियुक्त इमामुद्दीन पुत्र बज्जात उर्फ बज्जाद अंसारी निवासी गोबरहा थाना रानीपुर जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया गौरतलब है कि थाना रानीपुर क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक 4 वर्षीय मासूम बालक की दर्दनाक मौत हो गई थी, जिसके संबंध में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही थी। घटना के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था, लेकिन थाना रानीपुर पुलिस की सतर्क निगरानी और लगातार प्रयासों के चलते आखिरकार वह कानून के शिकंजे से बच नहीं सका क्षेत्रीय जनता का कहना है कि थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना रानीपुर पुलिस लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर रही है। अपराधियों में पुलिस का खौफ साफ दिखाई दे रहा है, जबकि आम जनता में सुरक्षा का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। लोगों ने पुलिस की इस

त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की खुलकर सराहना की है इस सफल गिरफ्तारी अभियान में थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक योगेंद्र यादव एवं कांस्टेबल जीत लाल की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। पुलिस टीम की मेहनत, सूझबूझ और तत्परता के चलते अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया थाना रानीपुर पुलिस की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया है कि अपराध करने वालों के लिए कानून से बच पाना अब आसान नहीं है। पुलिस का अभियान लगातार जारी है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी। क्षेत्र में थाना रानीपुर पुलिस की कार्यप्रणाली और अपराध नियंत्रण को लेकर आमजन के बीच प्रशंसा का माहौल बना हुआ है।

6 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, मोटरसाइकिल भी बरामद

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नेपाल तस्करी करने के फिराक में जा रहे एक युवक को सीमा के पास से 6 किलो गांजा के साथ रूपईडीहा पुलिस और एस एस बी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने 6.113 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में 9 जून को थाना क्षेत्र के शिवपुर मोहनिया तिराहा के पास चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। इस दौरान दिनेश कुमार दीक्षित पुत्र रामफल दीक्षित, निवासी केवलपुर नई बस्ती, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच (उम्र लगभग 48 वर्ष) के कब्जे से एक प्लास्टिक की सफेद बोरी

में रखा 6.113 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना रुपईडीहा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक अदद दोपहिया वाहन स्प्लेंडर प्लस (संख्या- यूपी 40 एवाई 4715) भी बरामद किया है। गिरफ्तारी 9 जून को दोपहर करीब 1:50 बजे शिवपुर मोहनिया तिराहे के पास की गई।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत पूर्व में भी दो मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत, उपनिरीक्षक जितेश कुमार सिंह तथा पुलिस बल के अन्य सदस्य शामिल रहे।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह का भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह के जनपद बहराइच आगमन पर विधानसभा क्षेत्र 283 नानपारा में समाजवादी कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकताओं के साथ फूल-मालाओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी बहराइच जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यकताओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, युवाओं की भागीदारी तथा समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या सोनी, कृपाराम यादव, अनिल यादव, रमेश गौतम, ओंकार पटेल, कन्हैया लोधी, समेत सैंकड़ो समाजवादी नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

थाना रानीपुर पुलिस ने वांछित महिला अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

अपराधियों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

विनोद जायसवाल

बहराइच। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रानीपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पयागपुर के पर्यवेक्षण में थाना रानीपुर पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 162/2025 धारा 191(2)/115(2)/352/351(3)/105 बीएनएस से संबंधित वांछित महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे में ले लिया प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रानीपुर के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम लगातार अपराधियों की धरपकड़ में जुटी हुई थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने सक्रियता, सूझबूझ एवं प्रभावी रणनीति का परिचय देते हुए वांछित अभियुक्ता सावरा पत्नी युसुफ निवासी विशुनापुर

थाना रानीपुर जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्ता को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु भेज दिया गया क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए थाना रानीपुर पुलिस की यह कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना रानीपुर पुलिस लगातार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाए हुए है, जिससे आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है तथा असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बना है इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक मनराम, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र नाथ एवं महिला आरक्षी श्रेया कुशवाहा की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस टीम की तत्परता और पेशेवर कार्यशैली की क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। थाना रानीपुर पुलिस की इस सफलता को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है।

चोरी की मोटरसाइकिल के साथ चोर गिरफ्तार, वाहन बरामद

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना रुपईडीहा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुंप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम को यह सफलता मिली। पुलिस के अनुसार, मुरलीधर ददौली निवासी रतन वर्मा ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने के संबंध में थाना रुपईडीहा में तहरीर दी थी। इस पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान

पुलिस टीम ने 9 जून की रात करीब 10:35 बजे केवलपुर मोड़ के पास से आरोपी कासिम शेख (23 वर्ष) पुत्र दिलदार, निवासी सीतापुरवा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (पंजीकरण संख्या यूपी-40 एसी-1362) बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी थाना रुपईडीहा में मारपीट, चोरी एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह तथा मुख्य आरक्षी विनय कनोजिया शामिल रहे।

शातिर नकबजन गिरफ्तार, लाखों की बरामदगी से अपराध जगत में मचा हड़कंप

थाना रानीपुर की पूरे जिले में हो रही प्रशंसा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद बहराइच में अपराधियों के खिलाफ चल रहे व्यापक अभियान के तहत थाना रानीपुर पुलिस ने एक ऐसी बड़ी सफलता हासिल की है, जिसने अपराध जगत में खलबली मचा दी है। लंबे समय से चोरी और नकबजनी की घटनाओं से परेशान लोगों को बड़ी राहत देते हुए थाना रानीपुर पुलिस ने एक शातिर एवं कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 6 लाख रुपये मूल्य का माल बरामद किया है। इस शानदार सफलता के बाद पूरे क्षेत्र में बहराइच पुलिस की कार्यशैली की चर्चा हो रही है और आमजन पुलिस टीम की खुलकर सराहना कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व, अपराध नियंत्रण की मजबूत नीति और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की रणनीति का असर अब जमीन पर साफ दिखाई देने लगा है। उनके निर्देशन में जिले की पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी के पर्यवेक्षण में थाना रानीपुर के प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम ने जिस सूझबूझ, तत्परता और पेशेवर दक्षता का परिचय दिया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है।

हरेन्द्र कुमार मिश्र की रणनीति के आगे फेल हुई शातिर अपराधी की सारी चाले थाना रानीपुर में दर्ज चोरी के मुकदमे की विवेचना के दौरान पुलिस लगातार अभियुक्त की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र ने स्वयं पूरे मामले की मॉनिटरिंग करते हुए पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, संदिग्धों की

निगरानी बढ़ाई गई और लगातार सूचना संकलन किया गया। आखिरकार पुलिस की मेहनत रंग लाई और शातिर अपराधी रवी कश्यप उर्फ नौरंगी को गिरफ्तार कर लिया गया जिस अपराधी ने कानून से बचने के लिए तमाम हथकंडे अपनाए, वह थाना रानीपुर पुलिस की पैनी नजर से नहीं बच सका। यह गिरफ्तारी पुलिस की सक्रियता, सतर्कता और अपराधियों के प्रति सख्त रवैये का जीवंत उदाहरण मानी जा रही है

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, धार्मिक सामग्री, मोबाइल उपकरण तथा नगद धनराशि सहित लगभग 6 लाख रुपये मूल्य का सामान बरामद किया गया। इतनी बड़ी बरामदगी ने न केवल पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाई है बल्कि आम जनता का पुलिस के प्रति विश्वास भी कई गुना बढ़ा दिया है स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस इसी तरह सक्रिय रही तो अपराधियों के लिए जिले में कहीं भी छिपना संभव नहीं होगा। बरामदगी की मात्रा और उसकी कीमत को देखते हुए इसे हाल के समय की महत्वपूर्ण पुलिस उपलब्धियों में शामिल किया जा रहा है।

कई थानों में दर्ज मामलों का खुलासा, अपराधी का लंबा आपराधिक इतिहास आया सामने

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्त कोई सामान्य चोर नहीं बल्कि कई गंभीर मामलों में वांछित और लंबे आपराधिक इतिहास वाला अपराधी है। उसके खिलाफ चोरी, नकबजनी, लूट, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं जनपद के थाना रानीपुर, रामगांव, दरगाह शरीफ, कोतवाली देहात, फखरपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज कई मामलों में उसका नाम सामने आया है। इससे स्पष्ट है कि पुलिस ने केवल एक गिरफ्तारी नहीं की बल्कि कई घटनाओं के रहस्य से पर्दा उठाने का कार्य किया है अपराधियों में खौफ, जनता में बढ़ा विश्वास थाना रानीपुर पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अपराधियों के बीच भय का माहौल देखा जा रहा है। वहीं आम जनता का कहना है कि पुलिस की लगातार सक्रियता से लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि थाना रानीपुर पुलिस अपराधियों के खिलाफ जिस तेजी और गंभीरता से कार्रवाई कर रही है, वह सराहनीय है कई लोगों ने कहा कि प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस की कार्यशैली में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है और अपराधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

अपराध नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई, बेहतर विवेचना और बरामदगी के मामले में थाना रानीपुर पुलिस द्वारा किया गया यह कार्य अन्य इकाइयों के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है। जिस तरह से पुलिस ने मामले का खुलासा किया, अभियुक्त को गिरफ्तार किया और लाखों रुपये का माल बरामद किया, वह पुलिस की पेशेवर दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है इस महत्वपूर्ण सफलता में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक राघव राम, उपनिरीक्षक रवि प्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदुम्न, कांस्टेबल भगवानदीन एवं कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार की विशेष भूमिका रही। पुलिस टीम की मेहनत, लगन और समर्पण के कारण एक बड़े अपराधी को कानून के शिकंजे में लाया जा सका यह कार्रवाई साफ संदेश देती है कि जनपद बहराइच में अपराध करने वालों के लिए अब कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। अपराधी चाहे कितना भी शातिर क्यों न हो, बहराइच पुलिस की सतर्क निगाहों और मजबूत रणनीति से बचना उसके लिए आसान नहीं होगा थाना रानीपुर पुलिस की इस बड़ी सफलता ने न केवल लाखों रुपये का चोरी गया माल बरामद कराया है, बल्कि जनता के मन में यह विश्वास भी मजबूत किया है कि कानून का हाथ अपराधियों तक जरूर पहुंचता है। अपराधियों के लिए यह चेतावनी है और आम जनता के लिए भरोसे का संदेश कि बहराइच पुलिस पूरी मजबूती के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने में जुटी हुई है।

बहराइच में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

जातियों में नहीं, अधिकारों और विकास के मुद्दों पर होगी राजनीतिः अलंकार अग्निहोत्री

अमन लेखनी समाचार

आर एन तिवारी/संतोष मिश्रा

बहराइच। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री ने 9 जुलाई 2026 को जनपद बहराइच पहुंचकर मीडिया से प्रेस वार्ता की तथा संगठन की आगामी रणनीति और विस्तार को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा आज राजनीतिक रूप से पूरी तरह तैयार है और बहुत कम समय में संगठन का देशभर में तेजी से विस्तार होना अपने आप में एक मिसाल है।

प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों का जवाब देते हुए अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि देश की जनता अब केवल जातीय राजनीति तक सीमित नहीं रहना

चाहती, बल्कि अपने हक, अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास के मुद्दों पर जागरूक होकर निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों तक जनता को जातियों और वर्गों में बांटकर राजनीति की गई, लेकिन अब लोग वास्तविक मुद्दों पर राजनीति करने वालों का साथ देने के लिए तैयार हैं।

इसके उपरांत शहर स्थित राधा कृष्ण पैलेस में आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित किया। सम्मेलन के दौरान विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संगठन के नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए युवाओं का आवाहन किया है। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा समाज के हर वर्ग की आवाज बनकर उभर रहा है और आने वाले समय में जनता के अधिकारों की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से जन-जन तक संगठन की नीतियों और विचारों को पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिले भर से आए कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन को सफल बनाने में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के बहराइच जिला अध्यक्ष एडवोकेट एम. पांडेय सहित संगठन के तमाम पदाधिकारियों और कार्यकताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र पहनाकर किया गया। विभिन्न अवसरों पर कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री के साथ समूह फोटो भी खिंचवाए और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्टी के कोर कमेटी से मातृशक्ति कविता तिवारी, पार्टी में अहम भूमिका निभाने वाले भाई प्रिंस, प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष बहराइच एडवोकेट एम. के. पाण्डेय, जिला अध्यक्ष बलरामपुर व श्रावस्ती, जनपद बहराइच के सभी जिला कार्यकारिणी के जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे। शिवपुर ब्लाक अध्यक्ष राज नरायण तिवारी व परशुराम सेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ तिवारी, सुरेंद्र कुमार शर्मा, कौशल कुमार तिवारी, आनंद कृष्ण अवस्थी, बबलू सिंह, रामू मिश्रा, अमित कुमार, अनुराग, दीपक कुमार मिश्रा सहित ब्लॉक शिवपुर की लंबी टीम मौजूद रही।

उपस्थित सभी कार्यकताओं ने पार्टी संस्थापक को आश्वस्त करवाया कि हम मिलकर पार्टी को शिखर तक पहुंचाने हेतु हमेशा दृढ़ संकल्पित रहेंगे।

मोहर्रम पर्व को लेकर गंडारा चौकी पर शांति समिति की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज/बहराइच। 10 जून 2026 को थाना कैसरगंज क्षेत्रान्तर्गत गंडारा चौकी पर आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष कैसरगंज श्री राजेश शुक्ला द्वारा की गई। बैठक में चौकी प्रभारी पंकज सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार मिश्रा सहित क्षेत्र के कई संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों में मौलाना अब्दुल खालिद, ग्राम प्रधान फखरुद्दीन (विरहिमपुर बिल्हौर), अतीक अहमद (बखौरा माफी), पप्पू (शाथा), मोहम्मद अफजल (झल्ला), साजिद (पचंभा), महफूज (गंज जलालपुर बसाया) सहित क्षेत्र के ताजियादार एवं अन्य सम्मानित नागरिक शामिल रहे। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष श्री राजेश शुक्ला

ने सभी उपस्थित लोगों को उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया तथा मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी ताजियादारों से शासन-प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या अराजकता उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की सहमति व्यक्त की।

संक्षेप

युवक ने तलवार से वार किया

बाइक टक्कर के बाद झगड़ा हुआ था, तलवार लहराते हुए सीसीटीवी में कैद हुआ

बागपत ,शहर कोतवाली क्षेत्र के पुराने कस्बे में बाइक की टक्कर के बाद हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दो बाइक सवार युवकों ने एक युवक पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक हमलावर हाथ में तलवार लहराता हुआ दिख रहा है।पुराना कस्बा निवासी खालिक ने कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र सादिक और भतीजा हुजैफ घर के बाहर खेल रहे थे, तभी दो बाइक सवार युवकों ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद बाइक सवारों ने सादिक और हुजैफ के साथ अभद्रता की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कुछ देर बाद, वही दोनों बाइक सवार युवक कथित तौर पर जानलेवा हमला करने के इरादे से खालिक के घर पहुंचे। इस दौरान एक युवक के हाथ में दो तलवारें थीं। गाली-गलौज के बाद उन्होंने परिवार के एक लड़के पर हमला कर दिया, जिससे उसकी गर्दन पर तलवार लगने से वह घायल हो गया। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए।कस्बा चौकी प्रभारी शिव कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

महिला ने युवक पर 7 साल से ब्लैकमेलिंग का आरोप

अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करता रहा शोषण

बागपत ,एक महिला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने दावा किया है कि एक युवक उसे पिछले सात साल से अश्लील फोटो और वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र की निवासी महिला ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वर्ष 2019 में लॉकडाउन के समय गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोप है कि युवक ने उसे एक कमरे में बंद कर जबरन शारीरिक संबंध बनाए और इस दौरान उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें व वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लीं। महिला का आरोप है कि इसके बाद आरोपी लगातार उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसका शोषण करता रहा। बदनामी के डर और परिवार की इज्जत बचाने के लिए महिला लंबे समय तक चुप रही। इस दौरान आरोपी उसे ब्लैकमेल करता रहा और विभिन्न माध्यमों से उससे पैसे भी ऐंठता रहा। शिकायत में यह भी बताया गया है कि आरोपी ने हाल ही में फोन कर फिर से फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी है। महिला का दावा है कि उसके पास इस बातचीत की रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। पीड़िता ने बताया कि वह पहले भी पुलिस से शिकायत कर चुकी है, लेकिन अब तक उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, सिंघावली अहीर पुलिस का कहना है कि उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

विजयपाल यादव की बलिदान विजय गाथा जनपद का बनी इतिहास

कारगिल युद्ध के रणबांकुरे को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के झाऊपुर गांव में ईश्वर के रूप में अवतरित हुए वीर महापुरुष कारगिल युद्ध के परम सेनानी बलिदानी विजय पाल सिंह यादव की 27 वीं पुण्यतिथि श्रद्धांजलि समारोह स्मारक स्थल अंतर्गत मनाया गया कार्यक्रम में पहुंचे फतेहपुर जनपद के वर्तमान सांसद नरेश उत्तम पटेल सपा विधानसभा अध्यक्ष राजेंदर सिंह समाजसेवी संत सत्यात्मानंद अमौली ब्लाक प्रमुख सुशीला सिंह आदि सभी वरिष्ठ लोगों ने वीर सपूत को माल्यार्पण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि श्रद्धा सुमन अर्पित किए कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का अमर शहीद के भाई आयोजक समाजसेवी अजय पाल सिंह यादव ने भव्य स्वागत किया वही श्रद्धांजलि समारोह अंतर्गत पहुंचे सभी अतिथियों ने स्मारक स्थल में औषधीय पौधों समेत अन्य पौधों का रोपण किया श्रद्धांजलि सभा में संपूर्ण परिसर देश भक्ति गीत संगीत से परिपूर्ण रहा वही सभी लोगों ने उच्च स्वर के साथ भारत माता की जय अमर बलिदानी विजय पाल सिंह यादव अमर रहे इत्यादि जयकारा लगाकर संपूर्ण परिसर को गुंजायमान कर दिया मुख्य अतिथियों के साथ-साथ अमर बलिदानी की धर्मपत्नी सुषमा यादव पिता राम सागर माता सुखदेई तथा छोटे भाई अजय यादव समेत सभी परिजनों ने भी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की

दो दशक से चले आ रहे जनप्रतिनिधियों के बडबोले वादे

पिछले 20 वर्षों से स्मारक स्थल जनप्रतिनिधियों के संकल्प तथा वादे के कारण जनता की उपेक्षा का शिकार बना हुआ है पूर्व काल में समाजवादी पार्टी से विधायक रहे स्वर्गीय मदन गोपाल वर्मा ने स्मारक स्थल का सौंदर्यीकरण समेत अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी ली थी परंतु वह पूरा नहीं हो सका वही तत्कालीन राज्य कारागार मंत्री अपना दल से जहानाबाद विधानसभा के विधायक रहे जयकुमार सिंह जैकी पूर्व सांसद निरंजन ज्योति वर्तमान विधायक राजेंद्र पटेल समेत कई जिलाधिकारियों ने भी यह आश्वासन दिया था कि इस मार्ग पर एक बड़ा द्वार निर्मित कराया जाएगा जो अमर बलिदानी के नाम रहेगा परंतु सभी जनप्रतिनिधियों के वादे मात्र एक सफेद हाथी की तरह बनकर रह गए वहीं वीर सपूत के स्मारक स्थल की अपेक्षाओं को पुनः कल कार्यक्रम में दोहराया गया इस मौके पर मुख्य अतिथियों के साथ अन्य विशिष्ट अतिथि जैसे पूर्व ब्लाक प्रमुख देवमई कुशवर्मा घाटमपुर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश कुरील पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिव सिंह यादव भाजपा जिला मंत्री संतोष गुप्ता मंडल अध्यक्ष अमौली देवेंद्र अवस्थी उत्प्रेक्षा त्रिवेदी पूर्व प्रधान सुरेंद्र यादव राजकुमार उमराव समेत भारी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे हुए सभी अतिथियों का कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी अजय यादव ने सादर आभार व्यक्त किया

जिलाधिकारी कार्यालय के सामने महिला ने आत्महत्या का किया प्रयास

डीजल डालकर लगा रही थी आग अधिकारियों के हाथ पैर फूले

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव लोधी का पुरवा निवासिनी महिला लीलावती पत्नी शिवचरन अपने पति तथा बच्चों के साथ लगभग 2 दशक से अपने मायके गांव हसनपुर अकोढिया थाना कोतवाली खागा जनपद फतेहपुर में निवास कर रही है जहां महिला ने कल बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर कार्यालय के सामने ही अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगाने का पूर्ण प्रयास कर रही थी उसी समय सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद पुलिस कर्मियों की निगाह पड़ी और उन्होंने दौड़कर महिला के हाथ से माचिस खींच लिया महिला जोर-जोर से रो रही थी वहीं अपनी जीवन लीला समाप्त करने की याचना कर रही थी पूछताछ करने पर महिला लीलावती ने बताया कि वह मायके में रहती है तथा उसके तीन भाई हैं उसके मकान में सभी भाइयों ने जबरदस्ती कब्जा कर लिया वह एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने अपने संपूर्ण परिवार के साथ गई थी वापस आने पर देखा तो उसके मकान पर भाइयों ने ताला डाल रखा था पीड़िता ने स्थानीय पुलिस प्रशासन समेत जगह-जगह न्याय की गुहार लगाई परंतु किसी भी अधिकारी ने इस गंभीर मामले पर अपनी नजर नहीं डाली जिससे आहत होकर महिला ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का संकल्प ले लिया पुलिस कर्मियों ने उसे सुरक्षित बचाया वहीं कोतवाली उपनिरीक्षक हेमंत मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला पूर्ण रूप से सुरक्षित है और इस मामले की पूर्ण जांच करते हुए निष्पक्ष न्याय महिला को दिया जाएगा महिला को आश्वासन देते हुए प्रशासन ने संतुष्ट किया तथा महिला को पुनः गांव भेजो

जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हुई मौत मामला संदिग्ध

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदनपुर गांव में एक 20 वर्षीय युवती सोनी पुत्री कमलेश की जहरीला पदार्थ खा लेने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस मंगलवार को युवती ने जहर खा लिया जहां जानकारी मिलने पर परिजन नजदीकी अस्पताल ले गए स्थिति गंभीर होते देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज फतेहपुर के लिए रिफर कर दिया परंतु वहां भी हालत में सुधार न देख चिकित्सकों ने कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रिफर किया कानपुर ले जाते समय युवती की सांसे मध्य मार्ग पर ही रुक गई यह देख परिजनों में कोहराम मच गया वहीं कुछ लोगों ने बताया कि घरेलू कामकाज या अन्य किसी बात को लेकर घर में मां ने डांट लगाई थी जिससे क्रोध में आकर युवती ने जहर खा लिया थाना कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह द्वारा मिली जानकारी के अनुसार यह मामला अभी तक प्रशासन के संज्ञान में नहीं है जहां परिजनों ने बिना किसी सूचना दिए रात में ही बेटी का अंतिम संस्कार कर दिया

विधायक विकास गुप्ता ने जल निगम अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

कार्यों का किया निरीक्षण ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर, फतेहपुर। जनपद के अयाह शाह विधानसभा विधायक विकास बाबू गुप्ता ने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत गांव बरुहा का निरीक्षण किया निरीक्षण पर पहुंचे विधायक ने विभाग द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन जलापूर्ति कार्य समेत अन्य कार्यों के गुणवत्ता की जांच की वहीं विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों से कार्य की प्रगति व्याख्या मांगी गांव में आयोजित चौपाल अंतर्गत विधायक ने सभी ग्रामीणों की समस्याएं सुनी वही भीषण गर्मी के चलते पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु अधिकारी कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा की कनेक्शन वितरण पाइपलाइन विस्तार तथा समेत पेयजल व्यवस्था से जुड़ी सभी समस्याओं को सुचारू रूप से सुव्यवस्थित किया जाए इस पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए यदि लापरवाही की गई तो जिम्मेदार अधिकारी उत्तरदाई होंगे बैठक अंतर्गत ग्रामीणों ने अन्य कई समस्याएं भी अपने प्रतिनिधि से बताई जिसका निस्तारण जल्द ही कराने का आश्वासन दिया वहीं क्षेत्रीय विधायक ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में वृहद चर्चा की इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राम महेश निषाद ग्राम प्रधान राजकुमार आशुतोष विश्वकर्मा महेश जाटव जयप्रकाश द्विवेदी विनोद भारती सुरेश परमार सुशील गुप्ता साहिल शर्मा अमित अग्निहोत्री निर्मल सिंह चौहान समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता तथा ग्रामीण मौजूद रहे

गैंगरेप में जेल रहकर आया था कथित हिंदूवादी नेता नकुल

पुलिस पकड़ से फिलहाल दूर, कुंडली खंगाल रही पुलिस, दोनों आरोपी कोर्ट में पेश

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,जिस तथाकथित हिंदूवादी नेता नकुल गुर्जर को पुलिस तलाश कर रही है, वह एक साल पहले भी गैंगरेप से जुड़े एक मामले में जेल में रहकर आया है। उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें नकुल का जेल से जमानत पर छूटने के बाद जोरदार स्वागत किया गया। एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

पहले एक नजर पूरे मामले पर

मेडिकल पुलिस ने शनिवार को एक सूचना के बाद कार सवार दो युवकों के पास से बदहवास हालत में एक युवती को बरामद किया। हिंदूवादी नेता नकुल गुर्जर की ओर से यह सूचना दी गई थी। पुलिस ने दोनों आरोपों को दबोचकर युवती को बरामद किया। बाद में जो खुलासा हुआ, उसने सभी को हैरान कर दिया। हिंदूवादी नेता ने रची थी साजिश पुलिस ने कार सवार जीशान व शाहवेज को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जल्द ही युवती की हालत में भी सुधार आ गया। उससे पूछने पर खुलासा हुआ कि हिंदूवादी नेता नकुल गुर्जर ने रुपये का लालच देकर उसे तैयार किया ताकि जीशान व शाहवेज को फंसाया जा सके। इसके बाद से पुलिस नकुल की तलाश में जुट गई जो रविवार शाम तक भी हाथ नहीं आया। नकुल का वीडियो आया सामने इस पूरे घटनाक्रम के आरोपी नकुल का रविवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में नकुल फूल मालाओं से लदा दिखाई पड़ रहा है। दरअसल, एक साल पहले नकुल पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज हुआ था।

2 बच्चियों को लेकर ऑटो चालक फरार

पुलिस तलाश में जुटी, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , विजय नगर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर इलाके से 2 छोटी बच्चियों के लापता होने का मामला सामने आया है।एक ऑटो चालक इन बच्चियों को अपने साथ लेकर फरार हो गया, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, ऑटो चालक पीड़ित परिवार के घर के पास ही रहता था। वह पहले भी इलाके के बच्चों को टॉफी खिलाता था और कई बार उन्हें अपने ऑटो में घुमाने भी ले जाता था।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

बताया जा रहा है कि दोपहर के समय वह दोनों बच्चियों को अपने साथ ले गया, लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी वे घर वापस नहीं लौटीं। लापता बच्चियों की उम्र लगभग 3 साल और 4 साल बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि ऑटो चालक ने पहले फोन पर जानकारी दी थी कि बच्चियां उसके पास हैं। हालांकि, कुछ देर बाद उसने अपना बयान बदलते हुए कहा कि बच्चियां उसके पास नहीं हैं। इसके तुरंत बाद उसने अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया।सूचना मिलने पर विजय नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि सभी चौकियों और आसपास के क्षेत्रों में वायरलेस संदेश प्रसारित कर दिया गया है।पुलिस की टीमें बच्चियों और ऑटो चालक की तलाश में जुटी हैं। अधिकारियों ने जल्द ही दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद करने का आश्वासन दिया है।

मेरी बेटी की लाश नहीं...वह कभी जींस नहीं पहनी

मां बोलीं- उसके बायकट बाल थे, 45 दिन बाद मिला था शव; अब एनडीए टेस्ट कराएगी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

सरधना (मेरठ), ये मेरी बेटी की लाश नहीं है। वह कभी जींस नहीं पहनती थी। उसके बाल बॉयकट थे। जो लाश मिली है, वह जींस पहने हुए है और उसके बाल लंबे हैं। लाश कंकाल बन चुकी है। यह कहना है पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची नेशनल कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की मां ललिता पाल का। मेरठ में पुलिस चौकी से 50 मीटर दूर नाले में एक डेडबॉडी मिली। जिसका पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, फास्टफूड की दुकान चलाने वाले आरोपी ने 3600 रुपए के लिए अनुष्का पाल (17) की हत्या की थी। आरोपी ने 15 अप्रैल को अनुष्का के फोन करके बुलाया। उसी रात पुलिस चौकी से 200 मीटर दूर ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी। फिर लाश को 150 मीटर पीछे ला करके नाले में फेंककर फरार हो गया। उसकी लोकेशन चंडीगढ़ में मिली। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरूआत में वह पुलिस को गुमराह करता रहा। जब पुलिस ने सख्ती बढ़ाई तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने शव बरामद किया। 45 दिनों तक नाले में शव पड़ रहने कंकाल बन चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सुबह परिजन पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। अनुष्का की मां ललिता पाल ने शव को देखकर बताया कि वह उनकी बेटी नहीं हैं। उन्होंने कहा- मेरी बेटी कभी जींस नहीं पहनती थी और उसके बाल बॉयकट थे। वह एक नेशनल खिलाड़ी थी। जबकि शव में लड़की ने नीले रंग की जींस पहन रखी है और उसके बाल लंबे हैं। पोस्टमार्टम के बाद परिजन एसएसपी आफिस गए। जहां एसएसपी ने समझाया। इसके बाद परिजन शव लेकर गांव आ गए। देर शाम यहां अंतिम संस्कार कर दिया। घटना कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र की है।

अब सिलसिलेवार तरीके से पूरा मामला समझ लीजिए- मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र के चिरौड़ी गांव के रहने वाले नेमपाल के एक बेटा अनमोल पाल (15) और बेटी अनुष्का पाल (17) है। बेटी अनुष्का नेशनल कबड्डी खिलाड़ी थी। गांव में रहकर प्रैक्टिस करने में दिक्कत होने के कारण वह मेरठ आ गई थी। 2 साल से कंकरखेड़ा इलाके के शोभापुर में भाई अनमोल के साथ किराए के कमरे में रह रही थी। कबड् डी के साथ 12वीं की पढ़ाई भी कर रही थी। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेती थी।

पुलिस के मुताबिक, अनुष्का के कमरे के पास देहरादून के रहने वाले आरोपी श्याम धानक की फास्टफूड की दुकान थी। अनुष्का अक्सर वहां जाती थी। इस दौरान उसका 3600 रुपए उधार हो गया। श्याम लगातार पैसा मांग रहा था। 15 अप्रैल की रात 11 बजे श्याम ने अनुष्का को फोन कर शोभापुर पुलिस चौकी के पास बुलाया। पैसे मांगे तो अनुष्का ने कुछ दिन की मोहलत मांगी। आरोपी श्याम जिद पर अड़ा रहा। दोनों के बीच काफी कहासुनी हुई। बात इतनी बढ़ी कि श्याम बौखला गया। उसने ईंट उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया।

जनगणना ड्यूटी पर जा रहे प्रिंसिपल की हादसे में मौत

ग्रेटर नोएडा में गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, ड्राइवर फरार

अमन लेखनी समाचार

जेवर ,ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में सुबह जनगणना ड्यूटी पर जा रहे एक शिक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दी है। मृतक की पहचान सरकपुर गांव निवासी बालकिशन (50) के रूप में हुई है। वह बुलंदशहर के खुर्जा क्षेत्र स्थित हसनपुर लडुकी गांव के कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक थे।परिजनों के अनुसार, बालकिशन सोमवार सुबह बाइक से जनगणना ड्यूटी के लिए निकले थे। दनकौर क्षेत्र के चांगोली मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शिक्षक को जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिसदनकौर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

नोएडा के होटल में चल रहा था जुए का अड्डा

पुलिस ने 20 लोगों को किया गिरफ्तार, 1.62 लाख कैश और 22 मोबाइल बरामद

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,होटल के कमरे में हारजीत का जुआ खेल रहे 20 लोगों को सेक्टर-49 थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 62 हजार 250 रुपए नकद, 160 ताश के पत्ते, 7 दोपहिया वाहन, एक चार पहिया वाहन और 22 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस की छापे मारी के दौरान ये सभी जुआ खेल रहे थे।

होटल में कमरा कराते थे बुक

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि सेक्टर-51 सनराइज होटल में कमरा किराये पर लेकर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। सूचना मिलने के बाद सेक्टर-49 थाना पुलिस ने छापेमारी कर सभी आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, बुलंदशहर, बिहार, मध्यप्रदेश और झारखंड के रहने वाले लोग शामिल हैं।

10 दिनों से हो रही थी बुकिंग

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने-अपने वाहनों से होटल पहुंचे थे और आपसी सहमति से जुआ खेल रहे थे। होटल के कमरों का इस्तेमाल पिछले 10 दिनों से जुए के लिए किया जा रहा था। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इस खेल में होटल प्रबंधन की कोई भूमिका थी या नहीं। हालांकि प्राथमिक जांच में सामने आया कि होटल प्रबंधक को इसकी जानकारी थी।गिरफ्तार आरोपियों में पुष्कर पोरवाल, अजमेरी खान, अमित, सचिन राहुल, मोहम्मद जफरूल, पवन, मुकेश, शुभम, राकेश कुमार, विक्रम सिंह, गजेंद्र, पवन मुंडा, नदीम, नितिन और सूरज शामिल हैं।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर उत्तराखंड में ट्रैकिंग के बीच लापता

3 दोस्तों संग बागेश्वर आए थे, नैनीताल की युवती की उत्तरकाशी में तलाश

अमन लेखनी समाचार

बागेश्वर, उत्तरकाशी ,उत्तराखंड में ट्रैकिंग के दौरान दो टूरिस्ट लापता हो गए हैं। पहला मामला बागेश्वर का है। यहां सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक चौहान का 4 दिन बीत जाने के बावजूद कोई सुराग नहीं लग पाया है। वह पिंडारी ग्लेशियर ट्रैक से लौटते समय लापता हो गए थे। अभिषेक के साथ उनके 3 अन्य दोस्त भी ट्रैकिंग के लिए आए थे, जो सुरक्षित हैं। खराब मौसम के चलते ठऊफत्र टीम खोज अभियान के लिए हेलिकॉप्टर की मदद नहीं ले पा रही। इस बीच पिंडारी ग्लेशियर ट्रैक पर पड़ने वाली 3 से 4 नदियां उफान पर आ गई हैं। अभिषेक चौहान (28) मूल रूप से सहारनपुर के रहने वाले हैं। उनका परिवार गुजरात में रहता है। वह छ&ळ (लार्सन एंड टर्बो) में इंजीनियर हैं। अब खोज अभियान में ड्रोन कैमरों और स्थानीय लोगों की मदद ली जा रही है। अभिषेक का परिवार बागेश्वर पहुंच चुका है।वहीं, दूसरा मामला उत्तरकाशी का है। यहां नैनीताल की एक युवती बबीता पांडे दोस्तों संग ट्रैकिंग के दौरान लापता हो गई है। दो दिन बीत जाने के बावजूद उनका पता नहीं चल सका है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक की तलाश में 28 मई से फायर सर्विस, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम लगातार अभियान चला रही हैं।अभिषेक फोटोग्राफी के लिए रुकेनोएडा में रहने वाले अभिषेक चौहान (28) गुजरात की छ&ळ कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वे 28 मई को अपने 3 इंजीनियर दोस्तों संग स्थानीय गाइड आनंद राम के साथ पिंडारी ट्रैक पर खाती से द्वाली की ओर निकले थे। 29 मई को वापसी के दौरान मलियाधोड़ के पास अभिषेक फोटोग्राफी करने के लिए रुक गए। उन्होंने गाइड को आगे जाकर मैगी पॉइंट पर इंतजार करने को कहा।

मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

जिलाधिकारी ने पेयजल आपूर्ति कार्यों की समीक्षा की

टैंकरों की जीपीएस मॉनिटरिंग व्यवस्था की हुई समीक्षा।
ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से हो रही है निगरानी।
ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति के दिए निर्देश।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। ग्रीष्म ऋतु के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संचालित टैंकरों की व्यवस्था की जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कैंप कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने टैंकरों में स्थापित जीपीएस सिस्टम, ऑनलाइन ट्रैकिंग व्यवस्था तथा पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के जिन क्षेत्रों में भूजल स्तर नीचे जाने के कारण पेयजल संकट उत्पन्न होता है, वहां टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। सभी टैंकरों में जीपीएस उपकरण स्थापित कर उनकी ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। इसके लिए विकसित पोर्टल पर पेयजल संकट वाले स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिससे टैंकरों की आवाजाही एवं जलापूर्ति की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं हो सकी है, वहां टैंकरों के माध्यम से नियमित एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। इस संबंध में उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

तेज आंधी-तूफान से कोथावां मार्ग बाधित, सड़क पर गिरे कई पेड़, लगा लंबा जाम

अमन लेखनी समाचार

संडीला। संडीला क्षेत्र में आई तेज आंधी-तूफान ने मंगलवार को जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। संडीला-कोथावां मार्ग पर इमलियाबाग चौराहे से लगभग 500 मीटर आगे कई बड़े पेड़ सड़क पर गिर जाने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। मार्ग अवरुद्ध होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा।

15 पेड़ सड़क पर गिरे

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि करीब 15 पेड़ एक के बाद एक सड़क पर गिर गए। पेड़ों के गिरने से संडीला-कोथावां मार्ग पूरी तरह बंद हो गया, जिससे लगभग 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम में फंसे वाहन चालकों और यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

प्रशासन ने शुरू कराया राहत कार्य

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। कर्मचारियों ने सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने का अभियान शुरू किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद मार्ग को आंशिक रूप से यातायात के लिए खोल दिया गया, जिससे फंसे वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी।

जनहानि नहीं, लेकिन कई स्थानों पर नुकसान

स्थानीय लोगों के मुताबिक तेज आंधी के कारण क्षेत्र के कई हिस्सों में पेड़ टूटकर गिर गए और कुछ स्थानों पर बिजली के खंभे भी प्रभावित हुए हैं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है।

प्रशासन की अपील

प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने तथा तेज आंधी-तूफान के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। साथ ही लोगों से किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को देने को कहा गया है।

पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लोक कल्याण मेले का आयोजन, लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। नगर पालिका परिषद सोनभद्र के सभाकक्ष में आज पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के विभिन्न प्रावधानों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने बताया कि योजना के तहत प्रथम ऋण रुपए 15,000, द्वितीय ऋण रुपए 25,000 तथा तृतीय ऋण रुपए 50,000 तक उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान, डिजिटल लेनदेन पर प्रतिमाह रुपए 100 तक कैशबैक, क्रेडिट कार्ड सुविधा एवं केंद्र सरकार की 8 प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लाभार्थियों को प्रदान की गई। लोक कल्याण मेले के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को परिचय बोर्ड एवं क्यूआर कोड वितरित किए गए तथा नए ऑनलाइन आवेदन भी प्राप्त किए गए। साथ ही योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 स्ट्रीट वेंडरों एवं नगर पालिका परिषद सोनभद्र के 05 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को योजना से जोड़ने एवं उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु सहयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर अवर अभियंता श्री राजकुमार राज, नगर पालिका के सम्मानित सदस्यगण सर्वश्री मनोज चौबे, प्रदीप कुमार सिंह एवं रमेश जायसवाल, डूडा के ब्रजेश पटेल, नगर पालिका कर्मचारी संत कुमार सोनी सहित अन्य कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में रेहड़ी-पटरी दुकानदार उपस्थित रहे।

आगामी त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति, सुरक्षा एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से कासिमपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। मंगलवार को बैठक में कासिमपुर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं तथा विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया। उन्होंने सभी से त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

राजहरा रेल दुर्घटना की जांच जारी, अपुष्ट खबरों से बचने की अपील

अमन लेखनी समाचार

धनबाद। राजहरा रेल दुर्घटना के संबंध में कुछ समाचार पत्रों एवं मीडिया माध्यमों में पीडब्ल्यूआई श्री मनीष कुमार के नाम से विभिन्न कथन एवं बयान प्रकाशित किए गए हैं। इस संबंध में श्री मनीष कुमार ने रेलवे प्रशासन को अवगत कराया है कि उन्होंने किसी भी मीडिया संस्थान, पत्रकार अथवा अन्य माध्यम को दुर्घटना से संबंधित कोई जानकारी या बयान प्रदान नहीं किया है तथा उनके नाम से प्रकाशित समाचारों एवं कथनों से उनका कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि उनके निलंबन अथवा सेवा संबंधी किसी कार्रवाई के विषय में उन्हें अब तक कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। रेल प्रशासन यह स्पष्ट करता है कि राजहरा दुर्घटना की जांच निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जा रही है तथा जांच पूर्ण होने से पूर्व किसी भी प्रकार के निष्कर्ष, आरोप-प्रत्यारोप अथवा अपुष्ट बयानों को तथ्य के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं है।

डायरिया रोकथाम व नियंत्रण में बड़ी भूमिका निभाएंगी आशा कार्यकर्ता

स्वास्थ्य विभाग ने आशा कार्यकताओं को दिए डायरिया प्रबंधन के टिप्स
पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

गौडा बौड़ाम (दरभंगा, बिहार), 11 जून। शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गौडा बौड़ाम में बुधवार को आशा कार्यकताओं और आशा फैसिलिटेटर को डायरिया प्रबंधन के जरूरी टिप्स दिए गए। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से 113 आशा कार्यकताओं, सात आशा फैसिलिटेटर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डायरिया की शीघ्र पहचान, बचाव, नियंत्रण और डायरिया में ओआरएस और जिंक की महत्ता के बारे में प्रशिक्षित किया गया। जिले में आगामी जुलाई माह में चलने वाले दस्त रोको अभियान की गतिविधियों के बारे में भी सभी से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के बाद फ्रंट लाइन वर्कर ने कहा कि समुदाय स्तर पर डायरिया के प्रति जागरूकता की अलख जगाने में बड़ी भूमिका निभाने को वह पूरी तरह तैयार हैं। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने डायरिया प्रबंधन के बारे में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आशा कार्यकर्ता एवं आशा फैसिलिटेटर समय का अनुपालन करते हुए अपने कार्यों पर विशेष ध्यान दें। शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों की मृत्यु का एक प्रमुख कारण दस्त है। समुदाय में व्यापक पैमाने पर इस बारे में जागरूकता और सही समय पर डायरिया की पहचान और जरूरी इलाज यानि ओआरएस और जिंक की सही मात्रा देकर बच्चे को सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने 28 जून से प्रारंभ होने वाले पल्स पोलियो प्रोग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने एवं जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार सभी आशा कार्यकताओं से युद्धस्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक मनीषा कुमारी ने सभी नवनियुक्त आशा कार्यकताओं का परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें प्रोग्राम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से बिहार के तीन जिलों दरभंगा, सुपौल और पूर्णिया में ह्यडायरिया से डर नहींह्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान पीएसआई इंडिया से संजय तरुण ने डायरिया की शीघ्र पहचान, प्राथमिक उपचार और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हाथों की सही तरीके से स्वच्छता, ओआरएस एवं जिंक के साथ समय पर रोटा वायरस के टीकाकरण से इस बीमारी से बचा जा सकता है। इस मौके पर संस्थान के प्रभारी डॉ. अशोक कुमार, बीसीएम मनीषा कुमारी, पीएसआई इंडिया से अखिलेश कुमार और अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने किया आपदा जागरूकता पोस्टर का विमोचन

आपदा प्रबंधन में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका।
विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे पोस्टर।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।जनपद में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आपदा जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से होने वाली जनहानि और संपत्ति की क्षति को कम करने के लिए नागरिकों का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आपदा जागरूकता पोस्टरों को जनपद के विद्यालयों, ग्राम पंचायतों,

सरकारी उचित दर (राशन) की दुकानों, नगर निकायों, विकास खंडों एवं तहसील परिसरों सहित अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि पोस्टरों के माध्यम से लोगों को भूकंप, आंधी-तूफान, बाढ़, बिजली गिरने तथा अन्य आपदाओं से बचाव के उपायों, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें जनसहभागिता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जागरूक एवं प्रशिक्षित नागरिक आपदा के समय स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ अन्य लोगों की सहायता कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी ओंकार नाथ, जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण यादव, आपदा सहायक शिवमूरत भीमराव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इनर व्हील क्लब रेणुकूट को मिला प्लेटिनम अवार्ड, क्षेत्र में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट/सोनभद्र। प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित होटल कान्हा श्यामा में आयोजित पुरस्कार एवं सम्मान समारोह में सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए इनर व्हील क्लब रेणुकूट को प्रतिष्ठित प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रिया नारायण द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर क्लब की अध्यक्ष उदिता बनर्जी ने कहा कि इनर व्हील क्लब रेणुकूट समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। क्लब द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग प्रदान किया जाता है। साथ ही दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, महिलाओं को स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीनों का वितरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि क्लब ने एक हैप्पी स्कूल को भी गोद लिया है और सामाजिक उत्थान के कार्य वर्षभर निरंतर जारी रहते हैं। उदिता बनर्जी ने इस उपलब्धि का श्रेय क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को देते हुए उनके सहयोग और समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर क्लब की सचिव ममता बंसल, कोषाध्यक्ष संध्या सिंह, आईएसओ डॉली बंसल, क्लब कोऑर्डिनेटर प्रमिला पोद्दार, रश्मि पवार, विनीता बंसल, अनीता साहनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इनर व्हील क्लब रेणुकूट को प्राप्त इस सम्मान से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है तथा सामाजिक संगठनों ने क्लब की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रीय बाल कलाकारों ने भजन संध्या में जलवा बिखेरा

- **वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला देखने को उमड़ी भीड़**
- **वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री ने भागवत कथा का रसपान कराया**
- **विराट रुद्र महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर लगाए गए जयकारे**
- **प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से दी जा रही आहुति**
- **प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण**
- **कसारी रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहा है आयोजन**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। कसारी रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में मंगलवार को पांचवें दिन विराट रुद्र महायज्ञ में अपने माता-पिता के साथ पहुंचे राष्ट्रीय बाल कलाकार यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के बाद भिखारी बाबा का आशीर्वाद लिया और भजन संध्या कार्यक्रम में जलवा बिखेरा। बाल कलाकार अपने माता पिता के साथ शिव मंदिर में रुद्राभिषेक पूजन भी किया। वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री ने भागवत कथा का रसपान कराया। वहीं वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला देखने को भीड़ उमड़ पड़ी। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं पूजन कार्य कराया जा रहा है। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से प्रतिदिन आहुति दी जा रही है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की और जयकारे लगाए। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वाराणसी से यज्ञ स्थल पर पहुंचे मनीष कुमार ने बताया कि उनके तीनों बच्चे श्री राम कृष्ण, श्री राधा कृष्ण व श्री राधे कृष्ण राष्ट्रीय बाल कलाकार हैं। इन्हें प्रदेश के राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। तीनों बच्चे हारमोनियम बजाकर भजन गायन करते हैं। पिछले वर्ष 2025 में प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित अयोध्या नंदीग्राम महोत्सव में भी बाल कलाकारों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें अपने कला का बच्चों ने प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया था। यहां पर भिखारी बाबा ने बाल कलाकारों को भजन संध्या में कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया है। श्री राधा कृष्ण व श्री राधे कृष्ण ने लवकुश लीला का प्रदर्शन कर सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया।

जिलाधिकारी ने खेल सुविधाओं के विकास कार्यों की समीक्षा की

खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश।
ग्रामीण क्षेत्रों में मिनी स्टेडियम निर्माण में तेजी लाने के निर्देश।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सोमवार देर रात्रि कैम्प कार्यालय में जनपद की खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं स्पोर्ट्स स्टेडियमों के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में रॉबर्ट्सगंज स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम सहित जनपद के विभिन्न खेल परिसरों में उपलब्ध सुविधाओं, खिलाड़ियों के आवास, प्रशिक्षण व्यवस्थाओं तथा खेल अवसंरचना के विस्तार पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बैडमिंटन हॉल, छात्रावासों के सुदृढ़ीकरण एवं खेल मैदानों के बेहतर रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट, टेनिस एवं अन्य खेल गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खेल परिसरों में स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप प्रत्येक विकासखंड में मिनी स्टेडियम स्थापना हेतु भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कराई जाए। जिन स्थानों पर भूमि उपलब्ध हो चुकी है, वहां निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी खेल प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर अवसर एवं आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में कीड़ा अधिकारी शमी मेहनत अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व बगीश कुमार शुक्ला सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दुकान में चोरी का खुलासा: दो आरोपी गिरफ्तार, एक बाल अपचारी हिरासत में

नकदी बरामद, मामले में धाराएं बढ़ाई गईं; आगे की कार्रवाई जारी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। थाना गुलरिहा क्षेत्र में दुकान से हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी के 11,422 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 8 जून 2026 को वादी की दुकान से अज्ञात चोरों द्वारा करीब 15,000 रुपये नकद और एक कैमरा चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गुलरिहा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों–अमन वर्मा और विशाल कुमार–को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी सिद्धार्थनगर जनपद के सीकरी बाजार क्षेत्र के निवासी हैं। वहीं, एक बाल अपचारी को भी इस मामले में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से चोरी की 11,422 रुपये की नगदी बरामद हुई है। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी है और इसमें शामिल अन्य संभावित आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

मुंबई। लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

लाइफ Style

जान्हवी

पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई है। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।

हॉलीवुड मसाला

नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

लॉस एंजिल्स। इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।

कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

लॉस एंजिल्स। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरी: द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज

मुंबई। मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

मुंबई। फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

टीवी मसाला



टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

नई दिल्ली। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

नई दिल्ली। टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।

दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है.. उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइटस और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

मुंबई। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के

साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

नई दिल्ली। रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव

के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमात जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला

नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कहीं कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।

अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के मात-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।

चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी

एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।